www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

25 जनवरी 2026
हरदा, रविवार
वर्ष-15, अंक - 232, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
माघ शुक्ल पक्ष - 7
विक्रम संवत् 2082



**सौजन्य भेंट** मुख्यमंत्री से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं. प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की।



**पुष्प-गुच्छ भेंट** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सफल यात्रा के लिए पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

### वृद्धजनों की सेवा और ओल्ड एज होम की स्थापना के लिए...

# सरकार ने समाज को साथ जोड़ा : सीएम

● राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और वृद्धजनों की सेवा के लिए संकल्पित ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सशुल्क वरिष्ठजन निवास संध्या छाया का किया लोकार्पण ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 54.52 लाख पेंशन हितग्राहियों को 327.15 करोड़ से अधिक राशि अंतरित ● राज्य स्तरीय स्पर्श मेला-2026 की प्रदर्शनी का किया अवलोकन ● विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कारों का वितरण

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश-प्रदेश में विकास का अर्थ केवल अधोसंरचना निर्माण नहीं है, विकसित राष्ट्र के लिए, समाज के सभी वर्गों को बेहतर और सुरक्षित जीवन जीने के अवसर उपलब्ध कराना भी विकास है और यह राज्य सरकार का सर्वोच्च दायित्व भी है। राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और वृद्धजनों की सेवा के लिए संकल्पित है। राजधानी में वरिष्ठजनों को परिवार जैसा वातावरण देने के लिए सेवा भारती के माध्यम से इस सर्व-सुविधायुक्त सशुल्क वरिष्ठजन निवास की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए हर कदम पर उनके साथ है। राज्य सरकार ने वृद्धजनों की सेवा और ओल्ड एज होम की स्थापना के लिए समाज को साथ जोड़ा है। राज्य सरकार दिव्यांगजन को भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित कर उनमें क्षमताएं विकसित करने का प्रयास कर रही है। दिव्यांगजनों के पास अद्भुत बौद्धिक क्षमता होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नव निर्मित सशुल्क वृद्धाश्रम संध्या छाया के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पत्रकार कॉलोनी लिंक रोड नं. 3 पर निर्मित सर्व सुविधायुक्त वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीपीपी मोड पर बने संध्या छाया ओल्ड एज होम का शुभारंभ कर अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां रह रहे एक दम्पत्ति का अभिवादन कर स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यस्तरीय दिव्यांगजन स्पर्श मेला-2026 में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 54.52 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 327.15 करोड़ रूपये से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया।





## नर्मदा सहाय परिवार आज निकालेगा चुनरी यात्रा

**अनोखा तीर, हरदा।** नार्मदीय ब्राह्मण नर्मदा सहाय परिवार के तत्वावधान में आज रविवार दोपहर को चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। ग्रुप के राजेश राजवैद्य एवं नवनीत पाराशर ने बताया कि समाज के लोग रविवार को दोपहर 2 बजे छीपानेर बायपास चौराहे पर एकत्रित होंगे। यहां से चुनरी यात्रा संत रविदास चौक, चांडक चौक होती हुई हंडिया के लिए प्रस्थान करेगी। हंडिया में पूजन-अर्चन कर मां नर्मदा को चुनरी चढ़ाई जाएगी। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## नर्मदा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की जरूरत

**अनोखा तीर, हरदा।** नर्मदा नदी में सीवरेज का पानी मिलने से उसकी पवित्रता तथा जलीय जीव-जंतु व जलीय वनस्पति पर सीधा असर पड़ रहा है। ऐसे में नर्मदा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की जरूरत है। जिसमें शासन-प्रशासन तथा आमजन की सहभागिता अपेक्षित है। यह बातें अधिवक्ता हरिमोहन शर्मा ने प्रेसनोट जारी कर कही। उन्होंने कहा कि हरदा क्षेत्र नर्मदा का मध्य हिस्सा है। जहां नर्मदा का नाभिकुंड भी है, जो भक्तों की आस्था का केन्द्र है। ऐसे में नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

# शादी के लिए एंबुलेंस में पहुंचा दूल्हा, किया निकाह

**अनोखा तीर, देवास।** मध्य प्रदेश के देवास में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सामूहिक सम्मेलन में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब दूल्हा जुबैर खान अपनी शादी के लिए एंबुलेंस में पहुंचा। कुछ दिन पहले हुए एक एक्सीडेंट में उनके पैर में गंभीर चोट आई थी, जिसके कारण वे चल नहीं पा रहे थे। इस बावजूद, परिवार और दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी और उन्हें एंबुलेंस में बैठाकर सम्मेलन स्थल लाया गया, जहां उनका निकाह संपन्न हुआ। यह घटना पूरे सम्मेलन का सबसे भावुक और यादगार पल बन गई।

**एंबुलेंस देख चौंके लोग-** देवास की कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में जब एंबुलेंस पहुंची, तो लोग पहले तो चौंक गए।

थोड़ी ही देर में यह स्पष्ट हुआ कि एंबुलेंस में बैठा युवक दूल्हा है, जो अपनी शादी के लिए पहुंचा है। सीहोर जिले के इच्छावर से आए दूल्हे जुबैर खान को पैर में गंभीर चोट लगने के कारण चलने में असमर्थता थी।



● **एक्सीडेंट की वजह से लगी चोट-** दूल्हे जुबैर खान का हाल ही में एक्सीडेंट हो गया था। चोट इतनी गहरी थी कि वे खड़े तक नहीं हो पा रहे थे। इसी बीच उनके निकाह की तारीख तय थी। परिवार और दोस्तों ने यह तय किया कि तारीख बदले बिना ही, उन्हें एंबुलेंस से समारोह स्थल तक लाया जाए, ताकि निकाह समय पर हो सके।

● **दोस्तों और परिजनों ने दिया सहयोग-** जुबैर के साथ उनके दोस्तों और परिजनों ने पूरा सहयोग दिया। वे एंबुलेंस में उन्हें लेकर सम्मेलन स्थल पहुंचे, निकाह की पूरी रस्में संपन्न कराईं और हर कदम पर उनके साथ खड़े रहे। इस जज़्बे ने वहां मौजूद लोगों को भी प्रेरित किया।

# किसान ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल के बिलखिरिया इलाके में एक किसान ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना शुक्रवार की देर रात की बताई जा रही है। शनिवार को पीएम करने के बाद बॉडी परिजनों के हवाले कर दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। 52 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र सुमित सिंह कान्हासैया समिति के रहने वाले थे। वे स्वयं की जमीन पर खेती करते थे और शराब पीने के भी आदी थे। बीती रात शराब पीकर घर लौटे थे, परिजनों ने इस बात का विरोध किया था। इसके बाद विक्रम अपने रूम में गए और फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

# 25 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

## कर्ज से शुरू हुआ जुर्म

**नीमच (एजेंसी)।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) 6 सालों से फरार 25 हजार रुपए के इनामी अंतरराज्यीय नशा तस्कर भोपालसिंह को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ ने आरोपी को मध्यप्रदेश के नीमच जिले से पकड़ा है। आरोपी लंबे समय से राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब और महाराष्ट्र में नशे का नेटवर्क चला रहा था।

**ऐसे फंसा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के जाल में-** मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एएनटीएफ ने खरीदार बनकर भोपालसिंह से संपर्क साधा। बड़ी खेप का लालच देकर उसे गांव से बाहर खेत पर मिलने बुलाया गया। 20 जनवरी के आसपास भोपालसिंह जैसे ही खेत पर पहुंचा, पहले से घात लगाए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने चारों ओर से घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गांव के भीतर कार्रवाई में पूर्व में असफलता को देखते हुए टीम ने रणनीतिक तरीके से यह गिरफ्तारी की।बदमाश भोपालसिंह पिता कमलसिंह जाति राजपूत उम्र 50 साल निवासी ढाकनी थाना मनासा जिला नीमच का रहने वाला है।20 जनवरी के आसपास भोपाल जैसे ही खेत पर पहुंचा, पहले से घात लगाए एएनटीएफ दल ने चारों ओर से घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

**कर्ज से शुरू हुआ जुर्म का रास्ता-** पूछताछ में आरोपी भोपालसिंह ने बताया कि माता की बीमारी, खेती में नुकसान और पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी के खर्चों के कारण उस पर भारी कर्ज हो गया था। खेती से कर्ज न चुकता कर पाने के कारण उसने नशा तस्करी के धंधे में कदम रखा।






## सार-समाचार

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनोखा तीर, खिरकिया।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत २४ जनवरी को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अभियान अंतर्गत मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी एवं सचिव जिला, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं चंद्रशेखर राठौर, तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा, प्राधिकरण सहायता अधिकारी सौरभ, कुमार दुबे के मार्गदर्शन में ग्राम छूरीखाल खाल एकीकृत माध्यमिक शाला में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।




पैरालीगल वालंटियर संजय गंगराड़े द्वारा बताया गया कि शिविर का उद्देश्य राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में लड़कियों के अधिकारों और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और समृद्धि को बढ़ावा देना है। यह दिवस लड़कियों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। लड़कियों के शिक्षा के अधिकार को बढ़ावा देना, लड़कियों के स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करना, लड़कियों के प्रति भेदभाव और हिंसा को रोकना, लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करना एवं लड़कियों कोआत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। इस अवसर पर शाला में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को राष्ट्रीय तिरंगा बैच देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को रोज स्कूल आने के लिए भी प्रेरित किया। उन्हें बताया गया कि हमें रोज स्कूल आना चाहिए, शिक्षा हमारा अधिकार है। इस अवसर पर संजय नामदेव के द्वारा बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान करते बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव और और उससे जुड़े हुए नियमों की जानकारी देते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योजनाओं के पंपलेट विवरण किए गए। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलिंटियर दीपेंद्र देवड़ा, विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

### स्कूल संचालन के लिए ग्रामीणों की मदद से बनाए जाएंगे चार कमरे, हुआ भूमिपूजन

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम में संचालित विद्या भारती के द्वारा स्कूल संचालन के लिए ग्रामीणों की मदद से चार कमरों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शनिवार को शाला प्रांगण में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निकलेश महेश्वरी प्रदेश संगठन मंत्री विद्या भारती, चंद्रहास पाठक प्रांत प्रमुख, सुजीत शर्मा किरिट नागड़ा के साथ ग्राम के वरिष्ठ गौरीशंकर मुकाती के द्वारा भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर निकलेश माहेश्वरी ने बताया कि आज की शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को जो संस्कार मिलना चाहिए, वह दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते। बड़ों के प्रति सम्मान, देश के प्रति लगाओ का भाव जगाने के काम केवल शिशु मंदिर के द्वारा किया जा रहा है। भारत गांव में




बसता है, भारत को भारत बनाना है तो गांव को समृद्ध बनाना होगा। इसके लिए शुरू से ही बच्चों को अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि पहले गुरुकुल हुआ करते थे, पर जब से अंग्रेजी शिक्षा लार्ड मेंकाले के द्वारा शुरू की गई, तब से पूरी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई। बच्चों को पढ़ा जरुर रहे हैं पर जो शिक्षा और संस्कार मिलना चाहिए वह इस शिक्षा व्यवस्था से नहीं मिल पा रहा हैं। यदि बच्चों को अच्छा इंसान बनना है तो शिशु मंदिर से बढ़िया संस्कार कहीं नहीं मिल सकता। बताया गया कि वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर मुकाती के द्वारा स्कूल में चार कमरों का निर्माण स्वयं के द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से भी इस कार्य में सहयोग करने की अपेक्षा की है। कार्यक्रम का आयोजन शिशु मंदिर प्रांगण में किया गया। जहां शाला के आचार्य एवं दीदीयों की उपस्थिति में शाला के भैया-बहनों द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अवसर पर हरदा शिशु मंदिर के प्राचार्य एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### डेली स्कूल ऑफ एजुकेशन में वसंत पंचमी और अक्षर आरंभ का भव्य आयोजन

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** डेली स्कूल ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को वसंत पंचमी पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जहां कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने माता सरस्वती के महत्व पर प्रेरक भाषण दिए और कनिका आंजने, दिव्यानी गौर, पूर्वी तोमर ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। सिविका गुर्जर माता सरस्वती के स्वरूप में मंच पर विराजमान हुईं। आज के अवसर पर विद्या आरंभ/अक्षर आरंभ संस्कार भी संपन्न हुआ, जिसमें कई नए बच्चों ने अपनी शिक्षा की शुरुआत की। प्राचार्य




एवं हरदा जिले के सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर किरण कुमार मिश्रा ने कहा कि यह दिन ज्ञान, विद्या और शुभ आरंभ का प्रतीक है और माता सरस्वती का आशीर्वाद उन्हीं पर विशेष होता है जो परिश्रमी और जिज्ञासु होते हैं। इस अवसर पर गायत्री परिवार के मंगलेश तिवारी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को माता सरस्वती की वीणा और उसका महत्व समझाया और बताया कि वीणा का अर्थ केवल संगीत नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और आत्म-अनुशासन का प्रतीक है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, संस्कार और उत्साह से भरे प्रेरणादायक पल प्रदान किए और वसंत पंचमी को यादगार बना दिया।

### नर्मदा जंयती पर होगा भजन संध्या का आयोजन

अनोखा तीर, मसनगांव। ग्राम के राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को नर्मदा जयंती के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के कमलेश बांके ने बताया कि मां नर्मदा के जन्म उत्सव पर विशाल भजन संध्या एक शाम माई के नाम का आयोजन रखा गया है। जिसमें क्षेत्र के स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जहां मुख्य रूप से अनूप यादव, राहुल यादव, दुर्गेश मालवीय द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## ग्राम बुंदड़ा में आयोजित

# परचरी पुराण में दिव्य आध्यात्मिक प्रसंग

अनोरव तीर, बालागांव।

ग्राम बुंदड़ा में चल रही परचरी पुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर निमाड़, भुवाणा और मालवा अंचल की गौरव सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता दीदी श्री चेतना भारती ने अत्यंत भावगर्भित और आत्मबोध से परिपूर्ण वाणी में संत परंपरा के गूढ़ रहस्यों का वर्णन किया। दीदी श्री ने कहा कि संतों की वाणी कोई कल्पना नहीं, अपितु उनके निज अनुभवों का साक्षात उद्बोधन होती है। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य कर्ता-भाव में बंधकर, अचेतन अवस्था में कर्म करता है, तब प्रत्येक कार्य अशांति, तनाव और अंतर्द्वंद्व को जन्म देता है। इसके विपरीत जो बुद्ध पुरुष स्वयं की पहचान कर आंतरिक शांति को उपलब्ध हो जाते हैं, वे संसार में रहते हुए भी कर्मों से लिप्त नहीं होते। वे कर्म करते हुए प्रतीत अवश्य होते हैं, परंतु भीतर से अकर्ता हो जाते हैं - यही सच्ची अध्यात्म यात्रा है। दीदी श्री चेतना भारती




ने कहा कि निमाड़ की पावन भूमि ऐसे ही



आत्मज्ञान से ओतप्रोत संत सिंगाजी महाराज की साधना और सिद्धि की साक्षी है। गुरु महाराज ने अपने जीवन और वाणी से संपूर्ण निमाड़ को पुण्यभूमि और तपोभूमि के रूप में प्रतिष्ठित किया। संत सिंगाजी महाराज की वाणी आज भी हमें सत्य के मार्ग की ओर ले जाती है। उनके पदों का गान और श्रवण कर मनुष्य अपने जीवन को रूपांतरित कर सकता है। तथा गहन अशांति, शोक और क्षुब्धता से निकलकर परम आनंद और सत्य की अनुभूति कर सकता है। उन्होंने कहा कि निमाड़वासी संत सिंगाजी महाराज को प्रायः पशुओं के देवता के रूप में जानते हैं, परंतु यह उनकी महिमा का अत्यंत सीमित दृष्टिकोण है। संत सिंगाजी महाराज तो ऐसे सद्गुरु हैं जो नर को नारायण बनने की कला सिखाते हैं। यही गूढ़ सत्य परचरी पुराण के माध्यम से दीदी श्री ने व्यासपीठ से जनमानस के समक्ष प्रकट किया। दीदी श्री ने यह भी बताया कि जहां-जहां संत सिंगाजी महाराज ने निवास किया अथवा कुछ समय के लिए ठहरे, वे सभी स्थल आज भी अपूर्व आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हैं। झाबुआ का देवझिरी क्षेत्र संत सिंगाजी महाराज की साधना से ऊर्जावान और सिद्ध क्षेत्र बन गया है, जहां स्नान और दर्शन मात्र से तन-मन के अनेक रोगों का नाश होता है। कथा के दौरान संत सिंगाजी महाराज की समाधि से संबंधित दिव्य कथा का भावपूर्ण श्रवण कराया गया। अंत में आरती, वधावा और गगनभेदी जयकारों के साथ हलवा प्रसाद की कढ़ाई की गई। यह परचरी पुराण कथा ग्राम के धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा लोककल्याण और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित की जा रही है।

# आकाशवाणी के आकस्मिक उद्घोषकों ने बनाई अपनी संस्था ध्वनि मित्र




अनोरवा तीर, भोपाल।

आकाशवाणी भोपाल से जुड़े आकस्मिक उद्घोषकों और कंपियरों ने अपनी संस्था सोसाइटी ऑफ़ ध्वनि मित्र का गठन किया है। इस संस्था में वे सभी लोग शामिल हो सकेंगे जो आकाशवाणी से आवाज़ के माध्यम से जुड़े हैं। आकाशवाणी से संबद्ध वर्तमान और पूर्व उद्घोषक संस्था के सदस्य बन सकते हैं। इस नव गठित संस्था के अध्यक्ष है अनिल माथुर, उपाध्यक्ष पुरवा खले, सचिव प्रशांत सेंगर, संयुक्त सचिव नूपुर शर्मा और कोषाध्यक्ष प्रमिला दिवाकर। वहीं रानू शर्मा और आनंद कमावीसदार को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। नवगठित संस्था की गत दिवस आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ आकाशवाणी के पूर्व और वर्तमान उद्घोषकों ने भाग लिया। इस दौरान पिछले चार महीनों में जिन लोगों के जन्मदिन थे उनसे केक कटवाया गया। ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के लोगों ने मेडिटेशन सत्र रखा जिसमें सभी ने भाग लिया। कार्यक्रम में नीति शर्मा, सपना गुहा, दीप्ति तंतुवाय, रीता बेन और सरिता सिंह ने गीत गाये।

### संस्था का मेलमिलाप कार्यक्रम आयोजित

शुरू में पूनम सरावगी ने सब का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। ध्वनि मित्र के अध्यक्ष अनिल माथुर ने संस्था के गठन की जानकारी दी। सभी सदस्यों ने लज़ीज़ भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों के अलावा धारणा सचदेव, शशि बंसल, अंजना शर्मा, अनुराधा भारद्वाज, नीतिका वर्मा, विनीता जैन, शिखा श्रीवास्तव, महज़बी और डॉ. नाहिद सिद्दीकी ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशांत सेंगर ने संस्था की सदस्यता और उद्देश्यों के बारे में बताया। अंत में हर्षा मूलचंदानी ने सब का आभार व्यक्त किया।

# सोडलपुर से दूसरी बार बाबा रामदेव रुणिचा राजस्थान के लिए कल निकलेगी मैराथन दौड़ ध्वज निशान यात्रा

- **सौ युवा भक्तों ने कराया जाने का पंजीयन, 11 सौ किमी. पैदल दौड़कर चढ़ाएंगे बाबा को निशाना**

अनोरवा तीर, सोडलपुर।

ग्राम से दूसरी बार राजस्थान रुणिचा के लिए मैराथन दौड़ यात्रा रविवार प्रात 08 बजे निकलेगी, जो ग्राम में भ्रमण कर बाबा रामदेव मंदिर पहुंचेगी। जहां पर आरती-पूजन कर यात्रा शुरू होगी। जिसको लेकर शनिवार दिन भर तैयारी चली। बताया गया कि इस बार इस मैराथन दौड़ में 100 सदस्य लगभग जा रहे हैं, पिछले बार यह यात्रा 81 घंटे में पूरी कर ली थी, जिसमें 58 सदस्य गए थे। यह यात्रा का दूसरा वर्ष है जिसमें युवाओं और ग्रामीणों में बड़ा ही जोश है कि यह यात्रा और कम समय में पूरी कर




रिकॉर्ड बनाना है। ज्ञात हो कि यह यात्रा लगभग 11 सौ किमी. की रहती है। इस मैराथन दौड़ में युवा एक जैसे ध्वजा निसान लेकर दौड़ते रहते हैं। ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में बाबा रामदेव के अनन्य भक्त हैं जो कई बार पैदल भी बाबा के यहां होकर आ चुके हैं। बताया गया कि मैराथन यात्रा को लेकर एक महीने से रामदेव सेवा समिति तैयारी कर रही है। यात्रा में लगभग पांच पिकअप वाहन, तीन कारें और दो मोटरसाइकिल साथ में चलेगी, जो मैराथन दौड़ यात्रियों को आगे पीछे लेते रहेंगे। समिति के लोकेश शाखला ने बताया कि यह यात्रा दिन रात 24 घंटे लगातार चलती है, यात्रा को लेकर भक्तों में एक बड़ा ही अलग उत्साह है।


**नर्मदा जयंती विशेष...**

# आस्था आध्यातम और प्रकृति के प्रति समर्पण के भाव का संगम है मां नर्मदा की परिक्रमा

अनोरवा तीर, मसनगांव।

अपने उद्गम स्थल से 35 सौ किमी. दूरी तक बहने वाली मां नर्मदा एकमात्र ऐसी नदी है जिनकी परिक्रमा की जाती है। अमरकंटक से निकलकर खंबात की खाड़ी में समुद्र में मिलने वाली मां का नर्मदा का वैभव ऐसा है कि जो व्यक्ति एक बार नर्मदा का स्नान कर लेता है वह उसी का होकर रह जाता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु जहां पैदल परिक्रमा करते हैं, वहीं वाहनों से भी लाखों लोग देवउठनी ग्यारस से लेकर देवशयनी ग्यारस तक मां की परिक्रमा में लीन रहते हैं। जहां जो लोग परिक्रमा नहीं कर पाए वह अमावस्या पर विशेष रूप से मां के दर्शन करने के लिए पैदल अपने घरों से निकलकर घाटों पर पहुंचते हैं। मां की परिक्रमा में एक बात देखी जाती है कि श्रद्धालु आस्था आध्यात्म से जुड़कर प्रकृति की ओर समर्पण का भाव लिए हुए माई की परिक्रमा करते हैं।

जिसमें देखा जाता है कि जिस किनारे से वह चलते हैं उस किनारे को छोड़कर दूसरी ओर जाना हमेशा वर्जित रहता है। ऐसे में प्रकृति के साथ रहते हुए व्यक्ति अंकलेश्वर से होते हुए विमलेश्वर पहुंचकर समुद्र में नाव से पार होता है, तो उसे असीम मां कि कृपा मिलती है। जब विमलेश्वर से अमरकंटक की ओर बढ़ता है तो उसके अंदर एक अलग ही आत्म अनुभव का एहसास होता है। घाटों पर जाकर माई को दीपक लगाकर आरती कर भजन और कीर्तन करने से ज़हां एक समर्पण का भाव आता है। वहीं अमरकंटक में माई की बगिया में बैठकर पूजन करने से ऐसा प्रतीत होता है कि मां की



गोद में बैठे हुए हैं। ज़हां से जल लाकर ओंकारेश्वर में चढ़ाने का भी अपना विशेष महत्व है। मां नर्मदा भले ही नदी के रूप में बहती है पर वह कभी अपने भक्तों को निराश नहीं करती। मां का जल जहां आचमन कर प्यासों की प्यास बुझाता है, वहीं खेतों में सिंचाई के माध्यम से अन्नपूर्णा बनकर किसानों की झोली भरती है।

### शरद स्मृति व्याख्यान मानस भवन भोपाल में 30 जनवरी को होगा

**अनोखा तीर, भोपाल।** अर्चना प्रकाशन न्यास भोपाल के तत्वावधान में 30 जनवरी शुक्रवार को श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में शरद स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अभा सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन मुख्य वक्ता होंगे। संघ के प्रांत चालक अशोक पांडेय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। स्मृतिशेष शरद चंद मेहरोत्रा अर्चना प्रकाशन न्यास के संस्थापक हैं। उनकी पुण्यतिथि पर न्यास द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।

न्यास के प्रबंध न्यासी राकेश जैन ने बताया कि इस अवसर पर तीन पुस्तकों तथा वार्षिक स्मारिका का लोकार्पण भी किया जाएगा। लेखक डॉ. विकास दवे की पुस्तक भारत का जय घोष वंदे मातरम, लेखक लाजपत आहूजा की पुस्तक धर्म की ढाल, गुरु तेगबहादुर तथा लेखक रमेश शर्मा की पुस्तक भगवान बिरसा मुंडा। वार्षिक स्मारिका शताब्दी के निहितार्थ के संपादक हैं प्रो. उमेश कुमार सिंह। कार्यक्रम शाम पांच बजे शुरू होगा।

### नगर में गुरु दीक्षा और सम्मान समारोह आज

**अनोखा तीर, टिमरनी।** नगर में आज रविवार को गुरु दीक्षा और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कहार समाज समिति के मीडिया प्रभारी सुनील केवट ने बताया कि 25 जनवरी को टिमरनी में आयोजित गुरु दीक्षा एवं मेघावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत गोपाल नंद गिरी महाराज (निषाद) श्री धाम वृंदावन उपस्थित रहेंगे, वरिष्ट समाजसेवी बाबूलाल चौहान प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ, उमाशंकर रायकवार संरक्षक कहार महासंघ, सदाशिव भंवरिया प्रदेश अध्यक्ष, फैशन मेन कांग्रेश आयोजक समिति श्री शंकर मंदिर अखिल मध्य भारतीय कहार मंडल ट्रस्ट हंडिया हरदा हरसूद जिला हरदा, कहार महासंघ हरदा उपस्थित रहेंगे।



## रेल हादसाः उज्जैन-गुना ट्रैक पर मक्सी में टूट गई पटरी

# ट्रैक से उतरकर दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी

**शाजापुर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के मक्सी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक रेलवे ट्रैक की एक पटरी टूट गई। उस पर से गुजर रही मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए और ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन हादसे की जानकारी लगते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। दोनों तरफ से रेल यातायात को बंद कर दिया गया था। मौके पर विभाग की टीमें राहत कार्य में जुटी हैं। रेलवे के पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि विशेषज्ञों की टीम मौके पर जाने के लिए रवाना हुई है।

जानकारी अनुसार मक्शी रेलवे स्टेशन के पास एक उज्जैन से गुना जा रही एक मालगाड़ी अचानक बेटरी हो गई। ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। हादसे का कारण पटरी का टूटना बताया जा रहा है। घटना के बाद रेलवे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण रेल पटरी का टूटना बताया जा रहा है। पटरी टूटते ही मालगाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और डिब्बे पटरी से उतर गए। गनीमत रही कि हादसे में किसी



प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। रेल यातायात को नियंत्रित करते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### ट्रैक पर रेल यातायात प्रभावित रहा

मौके पर मौजूद अधिकारी घटना को लेकर स्पष्ट एवं आधिकारिक जानकारी देने से बचते रहे। हादसे के चलते कुछ समय के लिए ट्रैक पर दोनों तरफ का रेल ट्रैफिक प्रभावित रहा और ट्रेनों क आवागमन रोक दिया था। हालांकि बाद में धीरे-धीरे सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जांच के लिए उज्जैन से तकनीकि विशेषज्ञों की टीम आई है

स्टेशन प्रबंधन मुकेश जैन ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण ट्रैक में खराबी हो सकता है। मामले की विस्तृत जांच के लिए उज्जैन से रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## बालिका छात्रावास में मना बालिका दिवस

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका छात्रावास हंडिया में बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक हंडिया अशोक अहिरवार, एएसआई मंजू मसीह द्वारा बालिकाओं को कैरियर मार्गदर्शन, डिजिटल कौशल, अपराधों की रोकथाम, कानूनी अधिकार, हेल्पलाइन सुविधा आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान बालिका छात्रावास वार्डन रुकसाना कुरैशी, सहायक वार्डन सेवंती पचोरे, जनशिक्षक अनूप शर्मा एवं रामविलास कर्मा उपस्थित रहे।



## सार-समाचार

### स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया हेल्थ एंड वेल्थ डे

**अनोखा तीर, हरदा।** यूरो किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल, ज्ञान गंगा में हेल्थ एंड वेल्थ डे का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम फिट एंड फन फेस्ट रही। जिसके अंतर्गत नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शारीरिक दक्षता एवं रचनात्मक प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कई रोचक एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगा, ट्विंकल-ट्विंकल स्टार रेस, स्पाइडर रेस,



मोगली रेस सहित विभिन्न मनोरंजक दौड़ें शामिल रहीं। जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। साथ ही अभिभावकों के लिए भी रेस का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने बचपन की यादें ताजा कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सलोनी सिद्धार्थ जैन, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं कोच जगदीश शर्मा तथा विशेष अतिथि शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन सोमानी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि डॉ. पवन सोमानी ने अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों को नन्हे-मुन्ने बच्चों को मोबाइल एवं स्क्रीन से दूर रखना चाहिए, क्योंकि अत्यधिक स्क्रीन-टाइम के कारण बच्चे मानसिक तनाव एवं डिप्रेशन का शिकार होते जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए फिजिकल एजुकेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं मुख्य अतिथि सलोनी सिद्धार्थ जैन ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई खेलकूद गतिविधियों की जमकर सराहना की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभागी बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा कर विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की।

### सवर्ण समाज 29 जनवरी को देगा ज्ञापन




**अनोखा तीर, हरदा।** सवर्ण समाज ने यूजीसी एक्ट को लेकर शनिवार को बैठक की। जिसमें यूजीसी एक्ट पर चर्चा की। साथ ही इस एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज ने 29 जनवरी को दोपहर 2 बजे परशुराम चौक पर एकत्रित होकर प्रशासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस दौरान परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने एक्ट को लेकर अपने विचार रखे। बैठक में सुधीर शर्मा के अलावा परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष नितिन जोशी, राजेश, नितेश, अलकेश, पुनीत, राजेंद्र सिंह जी राणा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट विद्यालय में यातायात जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित



**अनोखा तीर, हरदा।** नगर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय में यातायात पुलिस हरदा द्वारा विद्यार्थियों को यातायात जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक श्री शशांक के निर्देशन एवं एएसपी अमित कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत यातायात जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यातायात संकेतों की जानकारी, सुरक्षित सड़क व्यवहार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क पार करने के सही तरीके तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही राहवीर योजना एवं हिट एण्ड रन योजना को विस्तृत रूप से समझाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण उपरांत विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया।

# कांग्रेस ने मजदूरों के हक की आवाज बुलंद की

**सोडलपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम ग्राम चौपाल एवं पदयात्रा**

**अनोखा तीर, हरदा।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई ने जिले में मनरेगा बचाओ संग्राम ग्राम चौपाल एवं पद यात्रा शुरू की है, जिसके तहत टिमरनी ब्लाक के ग्राम सोडलपुर में गांव में पदयात्रा कर मजदूरों के साथ चौपाल लगाई गई। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना कानून को बदल दिया है, जबकि पहले मजदूरों को अपने गांव में ही काम मिलता था। अगर ग्राम पंचायत मजदूरों को काम नहीं देती है तो उन्हें बेरोज़गारी भत्ता देना होता था। लेकिन अब सरकार ऊपर से तय करेगी कि मजदूरों को गांव में काम मिलेगा या गांव से दूर जाना पड़ेगा। भापजा सरकार ने पहले किसानों को खत्म करने के लिए तीन कृषि कानून लाए गए थे। उसमें कांटेक्ट फार्मिंग जैसे काले कानून थे। किसान अपनी ही खेती पर मजदूरी करने को बाध्य होता। ऐसा ही अब मजदूरों के साथ




होगा। धीरे धीरे किसानों और मजदूरों को बर्बाद करने का काम हो रहा है। चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ये सब बेक डोर से बगैर संसद में चर्चा किए तानाशाही पूर्वक सुनियोजित तरीके से मजदूरों को और किसानों को कर्ज तले दबाया जा रहा है। जिला कांग्रेस पूरे जिले में मनरेगा बचाओ संग्रह पदयात्रा एवं चौपाल चर्चा कर किसानों और मजदूरों को अपने हक के लिए एक जुट करने का काम करेगी। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी रमेश काकोडिया, यूथ कांग्रेस प्रभारी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद पटेल, सिराली ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपूत, रहटगांव ब्लाक अध्यक्ष रामदीन पटेल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चौहान, जमनादास टांक, नीरज वर्मा, ओम मिश्रा, गंगाराम गुर्जर, दिनेश गुर्जर, संतु राजपूत , नारायण सोलंकी, संदीप सोलंकी, रितु सोलंकी, पीयूष चाचरे, ज्योतिरादित्य उपाध्यक्ष, प्रकाश चाचरे, राजेश कलम, आदित्य पटेल, रामदास तोमर, सूरज सिंह राजपूत, गौरीशंकर शर्मा, अनुग्रह राजपूत, राहुल जायसवाल, देवीसिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नर्मदा जयंती कार्यक्रम आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**अनोखा तीर, हरदा।** नर्मदा जयंती के अवसर पर जिले के हंडिया घाट पर 25 जनवरी को शाम 7 बजे से नर्मदा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये कलेक्टर सतीश राय को नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होने कार्यक्रम स्थल पर बेरीकेटिंग, बैठक व्यवस्था, शामियाना व मंच व्यवस्था के लिये वन विभाग व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार कार्यक्रम शुभारंभ, दीप प्रज्जवलन व रंगोली की व्यवस्था के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग, पेयजल व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिये शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग व जन अभियान परिषद को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के लिये चिकित्सा विभाग, कानून व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन तथा मंच संचालन के लिये शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

## वन स्टॉप सेंटर का जागरुकता कार्यक्रम

- **बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दी जानकारी**

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में वन स्टॉप सेंटर जिला हरदा द्वारा शनिवार को एक प्रेरणादायी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया गया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे के मार्गदर्शन एवं प्रशासक श्रीमती सुचिता एक्का वन स्टाप सेंटर हरदा के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला हरदा के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें बालिका एवं महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सुश्री ऋतु राजपूत द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित




महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं- जैसे आपातकालीन सहायता, चिकित्सीय सहायता, विधिक सहायता, पुलिस सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आवास (शेल्टर), पुनर्वास सहायता तथा 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। 112, 1098, 1930, 1500 हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी के साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बाल विवाह के सामाजिक, स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों पर भी सारगर्भित जानकारी दी। अंत में उपस्थित बालिका-महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया गया।

**संगीतमय श्रीराम कथा का छठवां दिवस**

# वनवास प्रसंग में मर्यादा, वचन-पालन, केवट की भक्ति और निषादराज की मित्रता का भावपूर्ण संदेश

**अनोखा तीर, हरदा।**

नगर के खेडीपुरा में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिवस श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास पं. विद्याधर उपाध्याय हरदा-नयापुरा ने प्रभु श्रीराम के जीवन के अत्यंत मार्मिक प्रसंग राजतिलक से वनवास तक की कथा का संगीतमय और भावपूर्ण वर्णन किया। छठवें दिवस की कथा में पं. उपाध्याय ने प्रभु श्रीराम के चरित्र के माध्यम से जीवन का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहलाए क्योंकि उन्होंने हर परिस्थिति में पिता के वचन को सर्वोपरि रखा। जहां वचन सर्वोपरि होता है, वहीं से मर्यादा पुरुषोत्तम का मार्ग प्रारंभ होता है। कथा में बताया गया कि राजा दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र प्रभु श्रीराम आज्ञाकारी और कर्तव्यनिष्ठ थे। उनके राजतिलक की घोषणा से अयोध्या उत्सव में डूब गई, किंतु माता कैकई के वरदानों के कारण श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास और भरत के राजतिलक का निर्णय हुआ। प्रभु श्रीराम ने इसे सहर्ष स्वीकार कर पिता की आज्ञा का पालन किया। वनगमन के समय माता सीता और भ्राता लक्ष्मण उनके साथ चले, जबकि पूरी अयोध्या को समझाकर प्रभु श्रीराम स्वयं वनवास के लिए प्रस्थान कर गए। कथा के दौरान केवट प्रसंग का अत्यंत भावुक वर्णन किया गया। पं. उपाध्याय ने बताया कि जब प्रभु श्रीराम गंगा तट पर पहुंचे तो केवट ने प्रभु के चरण धोए बिना उन्हें नाव में बैठाने से मना कर दिया। केवट की निष्कलंक भक्ति और श्रद्धा देखकर प्रभु श्रीराम ने उन्हें गले लगाया। यह प्रसंग सिखाता है कि प्रभु को पाने के लिए धन नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति और निष्काम सेवा आवश्यक है। निषादराज के प्रसंग का भी मार्मिक वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि वनवास के दौरान निषादराज ने प्रभु श्रीराम को अपना सखा मानकर प्रेमपूर्वक आतिथ्य सत्कार किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का चरित्र यह संदेश देता है कि वे राजा होकर भी समाज के हर वर्ग को समान दृष्टि से देखते थे और सच्ची मित्रता में जाति या पद का कोई भेद नहीं होता। पं. उपाध्याय जी ने कहा कि आज के युवाओं को प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर माता-पिता की आज्ञा, सम्मान और सेवा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए। उन्होंने वर्तमान समाज पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कलयुग में अनेक संतानें माता-पिता की बात सुनना तो दूर, उन्हें वृद्धाश्रम भेज रही हैं, जो समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय है। कथा के दौरान प्रस्तुत संगीतमय भजनों और चौपाइयों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई की प्रस्तुति पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष किए, जिससे कथा स्थल देर तक भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा।



### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## मसनगांव सेक्टर में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान

**बूंदड़ा एवं मिर्जापुर में बच्चों के बीच चित्रकला का आयोजन**




**अनोखा तीर, हरदा।** अभियान के तहत मध्यप्रदेश जनाभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवोदय आरोग्यम वेल फेयर सोसायटी नवांकुर संस्था के द्वारा आज़ ग्राम बूंदड़ा एवं मिर्जापुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला में करवाया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम की महिलाओं व पुरुषों ने भी सहभागिता निभाई। साथ ही ग्राम में दीवार लेखन किया गया जिसमें पर्यावरण, स्वच्छता, समरसता और देश भक्ति के नारे लिखे गये। शासकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अनिता उईके तथा शिक्षक राजेश कलम, प्राथमिक शाला मिर्जापुर के प्रधान पाठक दिनेश विश्नोई एवं श्री जीएल मस्करे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पवार एवं सहायिका तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। नवोदय आरोग्यम वेल्फेयर सोसायटी से प्रहलाद नागवे एवं परामर्शदाता संजय ठाटे, तथा प्रस्फुटन समिति से सुरेश कलम, बलराम पवार, महेश पवार, कन्हैया पवार, प्रताप पवार, आशाराम बामने, रेखा बाई, बतासीबाई, सुंदर बाई उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री का पूर्व में नाम उर्वशी राजपूत (URVASHI RAJPUT) था, जो कि उसके आधार कार्ड आदि में दर्ज है, अब वर्तमान में मेरी पुत्री का नाम परिवर्तन कर प्राची तोमर (PRACHI TOMAR) रख दिया है, जो कि उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। अतः प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को उर्वशी राजपूत (URVASHI RAJPUT) के स्थान पर प्राची तोमर (PRACHI TOMAR) के नाम से लिखा-पढ़ा जाना-पहचाना जावे व उसके आधार कार्ड व समस्त शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम प्राची तोमर (PRACHI TOMAR) दर्ज किया जावे, इस हेतु मेरे द्वारा पेपर प्रकाशन कराया जा रहा है।

**आवेदक :- मंजुला पत्नी सतीश राजपूत, निवासी-हरदा, तह. जिला-हरदा म.प्र.**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील रहटगांव जिला हरदा**

मौजा - रहटगांव

रा.प्र.क्र. 0051/अ-27/2025-26

**आवेदक :-** लोकेश पिता लक्ष्मीनारायण राठौर निवासी वार्ड नं. 25 चौबे कॉलोनी, हरदा

विरूद्ध

**अनावेदक:-** योगेश पिता लक्ष्मीनारायण राठौर निवासी वार्ड नं. 25 चौबे कॉलोनी हरदा

**प्रकाशन**

उपरोक्त सर्वसाधारण/अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश पिता लक्ष्मीनारायण राठौर निवासी वार्ड नंबर 25 चौबे कॉलोनी हरदा के द्वारा मौजा-रहटगांव स्थित भूमि ख.नं. 64/1 रकबा 0.0560 हे., ख.नं. 225/2 रकबा 0.8820 हे., ख.नं. 225/4 रकबा 0.2820 हे. भूमि लोकेश कुमार पिता लक्ष्मीनारायण योगेश पिता लक्ष्मीनारायण के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, उक्त का आवेदक अपने हिस्से की भूमि का बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसकी आगामी पेशी दिनांक 30.01.2026 को मेरे न्यायालय में नियत है।

अतः आप सभी सर्वसाधारण/अनावेदक को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त बंटवारा के संबंध में आपको किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आप नियत दिनांक 30.01.2026 तक स्वयं व अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन रख सकते है गुजरने म्याद किसी भी व्यक्ति की कोई भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक - 30.01.2026

तहसीलदार
रहटगांव


## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**अनोखा तीर, हरदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला हरदा द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान शौर्यदल की बालिकाओं और विभिन्न स्कूली छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। बालिकाओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित बालिकाओं को शिक्षा, बेहतर पोषण और सुरक्षा के कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सत्र के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बालिकाओं का सर्वांगीण विकास ही एक उन्नत राष्ट्र और प्रगतिशील समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, शौर्यदल के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

**अनोखा तीर, हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। हरदा में इस अवसर पर प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय हरदा के सभाकक्ष में कायक्रम आयोजित जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट है'। कार्यक्रम में नवमतदाताओं को परिचय पत्र वितरित किये जायेंगे तथा शपथ भी दिलायी जायेगी।

# संपादकीय

# दुश्मन नहीं, रास्ता बना जवानों का काल?

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए।

जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के



जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है।

अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है। ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।

## छात्र व छात्राओं को दी बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी

**अनोखा तीर, हरदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजा रंगारे जी के नेतृत्व में शनिवार को जिले की सिराली तहसील में सन साइन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग से सुश्री दिव्य राजपूत ने छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए। उन्होने बताया कि बाल विवाह के दुष्प्रभाव गंभीर होते हैं। इससे लड़कियों की शिक्षा,



स्वास्थ्य और भविष्य बर्बाद होता है, जिससे गरीबी, घरेलू हिंसा, यौन संचारित संक्रमण, कम उम्र में गर्भावस्था और प्रसव संबंधी जटिलताएँ बढ़ती हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है और उनके बच्चों के जीवन को भी खतरा होता है, जो पूरे समाज के लिए एक बड़ी बाधा है। इस दौरान सोशल मीडिया, बच्चों का हेल्प लाइन नंबर 1098, बाल श्रम तथा पॉक्सो एक्ट के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से रविराज राजपूत, आशीष जोशी, शुभम धार्मिक, स्कूल प्राचार्य श्रीमती अंकिता अग्रवाल एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## वन स्टाप सेंटर ने किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**अनोखा तीर, हरदा।** स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या छात्रावास में शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में वन स्टॉप सेंटर, जिला हरदा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सुचिता एक्का द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी तथा कौशल विकास कार्याक्रम, बलिका/महिला से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं–जैसे आपातकालीन सहायता, चिकित्सीय सहायता, विधिक सहायता, पुलिस सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आवास (शेल्टर), पुनर्वास सहायता तथा 181 महिला हेल्पलाइन – के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। वहीं 112, 1098, 1930, 15100 हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी के साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बाल विवाह के सामाजिक, स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों पर भी सारगर्भित जानकारी दी। अंत में उपस्थित बालिकओ को सशक्तिकरण एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सुचिता एकका, केसवर्कर रीना बराह, छत्रावास अधीक्षिका एवं वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ उपस्थित रहा।

## अखंड राम नाम जाप एवं अमृतवाणी संकीर्तन आज

**अनोखा तीर, हरदा।** नगर के सुभाष वार्ड में आज रविवार को अखंड राम नाम जाप एवं अमृतवाणी संकीर्तन का आयोजन रखा गया है। बताया गया कि उक्त आयोजन स्वर्गीय कोमल प्रसाद पवार बाबूजी की 20वीं पुण्यतिथि पर होगा। जिसमें प्रात: 06 बजे से शाम 06 बजे तक अखंड राम नाम जाप होगा एवं 6.15 से अमृतवाणी संकीर्तन का आयोजन रखा गया है।

# दुनिया के लिए प्रेरक बनता भारत का चुनावी तंत्र...

**उमेश चतुर्वेदी**

> जिस वक्त घरेलू मोर्चे पर भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त भारतीय चुनाव आयोग को इस प्रतिष्ठित संस्था की अगुआई मिली है। घरेलू मोर्चे पर विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग पर कभी वोट चोरी का आरोप लगाया जाता है तो कभी नकारा बताया जाता है। स्वाधीनता के बाद जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था को हमने अपनाया, वह हमारी अपनी नहीं, पश्चिम से आयातित है। दिलचस्प है कि आज यही व्यवस्था दुनियाभर में शासन की बेहतर प्रणाली के रूप में स्वीकार्य है। इसकी बुनियाद में इंग्लैंड की सन 1215 में हुई मैग्नाकार्टा की संधि है। आज का लोकतंत्र इसी संधि से निकले कानूनों और परंपराओं से विकसित हुआ है। जबकि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल में भारतीय दिलों की पारंपरिक लोकतांत्रिक सोच है। दुर्भाग्य से भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की महत्ता को दुनिया हाल तक स्वीकार करने से हिचकती रही है। ऐसे माहौल में अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक एवं चुनावी सहायता संस्थान की अगुआई भारत को मिलना मामूली बात नहीं है।

अंग्रेजी में इस संस्थान को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेटिक एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस यानी आईडीईए के नाम से जाना जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि भारतीय लोकतंत्र की अहमियत वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो रही है। वैश्विक लोकतांत्रिक परिदृश्य के लिहाज से भारत को मिली अगुआई ऐतिहासिक है। 1995 में 14 देशों द्वारा स्थापित इस संगठन के सदस्य देशों की संख्या अब 37 हो चुकी है। संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान स्थायी पर्यवेक्षक के तौर पर इस संगठन में शामिल हो चुके हैं। करीब आठ अरब जनसंख्या वाली दुनिया के करीब दो अरब बीस करोड़ पंजीकृत मतदाता इसी संगठन के सदस्य देशों के पास हैं। जिसमें भारत की हिस्सेदारी 99 करोड़ 10 लाख से ज्यादा है। आंकड़ों से साफ है कि सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है। इस लिहाज से देखें तो भारत की अध्यक्षता उसके लिए औपचारिक दायित्व से कहीं ज्यादा वैचारिक नेतृत्व का अवसर हो सकती है। इस संगठन में सदस्य देशों के चुनाव आयोग या चुनाव कराने वाली संस्थाएं ही शामिल होती हैं, लिहाजा भारतीय चुनाव आयोग इस संस्था का सदस्य है। जाहिर है कि इसी नाते अध्यक्षता भी आयोग के ही पास है।

जिस वक्त घरेलू मोर्चे पर भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त भारतीय चुनाव आयोग को इस प्रतिष्ठित संस्था की अगुआई मिली है। घरेलू मोर्चे पर विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग पर कभी वोट चोरी का आरोप लगाया जाता है तो कभी नकारा बताया जाता है। ऐसे वातावरण में चुनाव आयोग को आईडीईए की अध्यक्षता मिलना सामान्य बात नहीं, बल्कि भारतीय चुनाव प्रणाली की वैश्विक स्वीकृति और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। दुनिया अब तक लोकतंत्र को 'पश्चिमी मॉडल' के चश्मे से ही देखती रही है। जबकि इसके मूल में लोकतांत्रिक आत्मा नहीं, बाजार केंद्रित राजनीतिक ढांचा है, जहां व्यक्ति की बजाय संस्थाओं की स्वाधीनता और संसदीय परंपराओं पर जोर है। संचार और सूचना क्रांति एवं आर्थिक बदलावों के चलते आज का मतदाता बेहद जागरूक हो चला है। वह अपनी निजी राय की अहमियत की भी चाहत रखता है। इस वजह से पश्चिमी मॉडल वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सोच बदली है। भारतीय लोकतंत्र और चुनावी व्यवस्था अगर तनकर खड़ी है, तो उसके पीछे इन वैचारिक बदलावो का बड़ा योगदान है। एक अरब की भारी-भरकम मतदाता संख्या वालेभारतीय चुनावी तंत्र में भागीदारी बढ़ना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय चुनावी तंत्र की लचीली किंतु मजबूत व्यवस्था की सफलता के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

भारतीय चुनावी प्रबंधन में बढ़ते नवाचार, डिजिटल चुनावी प्रबंधन पर जोर, दिव्यांग और दूरस्थ मतदाताओं तक बढ़ती पहुँच, के लिए चुनाव आयोग की सोच ज्यादा जिम्मेदार है। चुनावी साक्षरता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने जितने प्रयोग किए हैं, वैसा उदाहरण कहीं और नहीं दिखता। विपक्षी सवालों के बावजूद चुनावों में अगर मतदाता भागीदारी बढ़ी है, तो माना जा सकता है कि चुनाव आयोग के प्रति भरोसा कम नहीं हुआ है। इस लिहाज से देखें तो भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहुंच पुस्तकालयों और विमर्श के संस्थागत मंचों की




बजाय बूथ और अंतिम व्यक्ति तक बढ़ी है। इस संदर्भ में चुनाव आयोग की अध्यक्षता में 21 से 23 जनवरी के बीच आईडीईए देशों के चुनाव प्रमुखों और अधिकारियों की होने जा रही बैठक बेहद अहम हो जाती है। माना जा रहा है कि आयोग से दुनियाभर के अधिकारी जानना चाहेंगे कि मतदाताओं की भारी संख्या के बावजूद आयोग उन तक कैसे पहुंचता है और चुनाव प्रणाली की पवित्रता कैसे बरकरार है।

चुनावी पवित्रता की नाभि-नाल पारंपरिक लोकतांत्रिक प्रणाली से जुड़ी है। प्राचीन भारत का बज्जि गणतंत्र आधुनिक प्रणाली से कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक और लोकोन्मुखी था। दक्षिण भारत के दसवीं सदी के चोल शासकों ने ग्रामीण शासन व्यवस्था के लिए जो व्यवस्था अपना रखी थी, उसे आधुनिक राजनीति विज्ञानी भी बेहतरीन प्रणाली मान रहे हैं। मैग्नाकार्टा के कुछ साल पहले कर्नाटक में लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक संत बसवेश्वर ने जिस अनुभव मंडपम् की स्थापना की थी, उसमें समाज के हर वर्ग के लोग धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करते थे और एक परिणति तक पहुंचते थे। राजनीति शास्त्री इसे आधुनिक संसद का प्रथम स्वरूप मानते हैं। आज हमारी चुनाव प्रणाली मजबूत है तो इसकी एक वजह हमारी यह परंपरा भी है।

वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक राष्ट्रों के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं। जिनके लिए भारत का अनुभव प्रेरक हो सकता है। वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र के लिए ध्रुवीकरण, दुष्प्रचार और साइबर हस्तक्षेप, चुनावी धन में पारदर्शिता की कमी एवं युवाओं की घटती रुचि खतरा बन रही हैं। इसमें जनमत को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल ने कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। ऐसे माहौल में भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर चुनावी लिहाज से अपने सफल मॉडल आधारित अनुभव से लोकतांत्रिक राष्ट्रों की चुनाव प्रणाली के लिए प्रेरक हो सकता है।

भारत को इन देशों की अगुआई इस बात का भी प्रतीक है कि हमारे लोकतंत्र की ताकत सिर्फ चुनाव में नहीं, बल्कि हर वोट को मिली अहमियत से है। इसी वजह से विविधरंगी समाज, भाषा, धर्म और असमानता के बावजूद भारतीय चुनाव प्रणाली शांतिपूर्ण बनी हुई है। साफ है कि विशाल और बहुलवादी समाज भारतीय लोकतंत्र की बाधा नहीं, ताकत है। पश्चिमी और ग्लोबल साउथ देशों की लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों के मद्देनजर भारतीय चुनाव प्रबंधन कहीं ज्यादा उपलब्धि भरा है। अमेरिका और यूरोप में जहां मतदाता भागीदारी लगातार कम हो रही है, वहीं अविश्वास और आपसी सामाजिक टकराव जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसके बरक्स विविधता के बावजूद हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था समस्या समाधान का शांतिपूर्ण हथियार बनी हुई है। इसमें महिलाओं, दिव्यांगजनों और युवा मतदाताओं के साथ बढ़ी मतदाता भागीदारी ने लोकतांत्रिक जड़ों को गहरा ही किया है। आमजन की राजनीतिक व्यवस्था के प्रति जारी विश्वास भी इसी का प्रतीक है। आज मौका मिलते ही सरकारें बदलने और दूसरी पार्टी को मौका मिलती है तो इसकी वजह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर बढ़ती जागरूकता और उसके प्रति अटूट भरोसा है। विविधरंगी, अलग सामाजिक पहचान, जाति, धर्म और भाषा, क्षेत्रीय भिन्नताएं अलग होने के बावजूद अगर भारत में पश्चिम की तरह टकराव नहीं है तो उसकी वजह लोकतांत्रिक और चुनाव प्रक्रिया में अटूट भरोसा ही है। साफ है कि विविध सामाजिक पहचान के साथ सामुदायिक संतुलन और सहअस्तित्व भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता की गारंटी बना हुआ है। इसके पीछे चुनाव आयोग की सोच भी है। आज चुनावी नवाचार में भारत अगुआ है। ईवीएम, वीवीपैट, महिलाओं एवं दिव्यांग संचालित एवं थीम आधारित मतदान केंद्र, पोस्टल बैलेट, सूचना एवं प्रोद्योगिकी आधारित मतदाता सेवाएँ और स्वीप जैसी जागरूकता पहल तेज़ी और व्यापक तरीके से लागू की जा रही हैं। इनके चलते भारत में लोकतंत्र का भविष्य पश्चिमी देशों की तुलना में अधिक विस्तारित, स्थायीत्व और जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह से वैश्विक विमर्श में 'भारतीय चुनाव मॉडल' प्रेरक बन चुका है। दुनिया में लोकतंत्र की दिशा तय करने वाले केंद्र बहुध्रुवीय होते गए हैं। लोकतंत्र का भविष्य उन्हीं देशों में सुरक्षित है, जो विपरीत हालात में भी नागरिक भागीदारी और विश्वास बनाए रखने में सफल हैं। पश्चिमी देशों के साथ भारत, इंडोनेशिया, ब्राज़ील, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और मॉरीशस जैसे देशों में यह प्रवृत्ति तेजी से विकसित हुई है। ऐसे में भारत की सफलता तभी मानी जाएगी, जब उसकी अगुआई में आईडीईए सिर्फ विमर्श का मंच न रहकर, दुनिया में लोकतंत्र को अधिक सहभागी, अधिक समावेशी, अधिक तकनीक-सक्षम और अधिक मानवीय बनाने का मोर्चा बन सके।

# भारतीय गणतंत्र प्राचीन परंपरा से आधुनिक संवैधानिक व्यवस्था तक



**-सुशील कुमार जैन**

लेखक एवं स्तंभकार

एक गतिशील, समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र का गठन करता गणतंत्र पर्व

**1. प्राचीन भारत में गणतांत्रिक परंपरा**

मानव इतिहास में लंबे समय तक विश्व के अधिकांश हिस्से निरंकुश राजाओं के अधीन रहे। इसके विपरीत, प्राचीन भारत में गणतंत्र और गणराज्यों की सुदृढ़ परंपरा विद्यमान थी। महावीर और गौतम बुद्ध के काल में उत्तर-पूर्वी भारत गणराज्यों का प्रमुख क्षेत्र था। देश के इतिहास में लिच्छवि, विदेह, शाक्य, मल्ल, कोलिय, मोरिय, बुली, भग्ग गणराज्यों में निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते थे, न कि किसी एक राजा द्वारा।

**2. आधुनिक युग और जन-इच्छा आधारित शासन**

आधुनिक समय में शासकों का चयन जनता की इच्छा से होता है। सत्ता वंशानुगत नहीं बल्कि लोक-स्वीकृति पर आधारित होती है। यह व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है।

**3. भारत का स्वतंत्रता और संविधान का निर्माण**

भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ। 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। संविधान के अनुसार 26 जनवरी 1950 को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य घोषित हुआ।

**4. भारत की संप्रभुता**

भारत अपने आंतरिक और बाहरी मामलों में पूर्णतः स्वतंत्र है। कोई भी विदेशी शक्ति भारत पर शासन या नियंत्रण नहीं करती।

**5. धर्मनिरपेक्ष राज्य की अवधारणा**

भारत का कोई आधिकारिक धर्म नहीं है।
राज्य सभी धर्मों का समान सम्मान करता है।
प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है।

**6. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था**

जनता सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर अपने प्रतिनिधि चुनती है। चुने गए प्रतिनिधि सरकार बनाते हैं और शासन चलाते हैं। प्रधानमंत्री लोकसभा में बहुमत के आधार पर कार्य करते हैं।




**7. गणतंत्र की विशेषता**

भारत में राष्ट्र प्रमुख (राष्ट्रपति) कोई वंशानुगत राजा नहीं होता। राष्ट्रपति का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाता है। यही व्यवस्था भारत को गणतंत्र बनाती है।

**8. शक्तियों का संतुलन**

कार्यपालिका (मंत्रिपरिषद) विधायिका (संसद) के प्रति उत्तरदायी होती है। सरकार के तीन अंग के रूप में विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका ये तीनों परस्पर संतुलन और नियंत्रण बनाए रखते हैं।

**9. न्यायपालिका की भूमिका**

भारत में त्रि-स्तरीय न्यायपालिका हैः सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, निचली अदालतें न्यायपालिका संविधान की व्याख्या करती है। यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करती है।

**10. संविधान की सर्वोच्चता**

भारत का संविधान देश का सर्वोच्च कानून है।
सभी सरकारी संस्थाएँ संविधान के अधीन कार्य करती हैं।
संविधान संशोधन की प्रक्रियाः
कठोर भी है
लचीली भी
इससे संविधान समय के साथ प्रासंगिक बना रहता है।

**11. मौलिक अधिकार और कर्तव्य**

संविधान नागरिकों को देता हैः न्याय, स्वतंत्रता, समानता साथ ही नागरिकों के कर्तव्यों का भी उल्लेख करता है।

**12. कानून का शासन**

गणतंत्र में कानून का राज होता है, किसी व्यक्ति का नहीं। कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है। प्रधानमंत्री और अन्य शासक भी कानून के दायरे में ही कार्य करते हैं।

**13. लोकतंत्र बनाम गणतंत्र**

हम अक्सर लोकतंत्र के खतरे की बात करते हैं।
जबकि असली खतरा गणतंत्र को होता है।
गणतंत्र ही बहुमत को मनमानी से रोकता है।

**14. बहुमत की सीमाएँ और संविधान**

बहुमत कभी-कभी कमजोर वर्गों पर दबाव डाल सकता है।

गणतंत्र और संविधानः
सरकार की शक्ति पर अंकुश लगाते हैं
अल्पसंख्यकों और व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करते हैं

**15. आदर्श राजनेता की भूमिका**

गणतंत्र में किसी भी राजनेता का सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिएः स्वयं कानून का पालन करना , कानून को निष्पक्ष रूप से लागू करवाना। निष्कर्ष के रूप मे भारतीय गणतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की सुरक्षा का मजबूत कवच है। यही व्यवस्था भारत को एक गतिशील, समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाती है।

## सार-समाचार

### शिक्षाविद भीमसिंह सेंगर सम्मान से किया जाएगा मेधावी छात्रों को सम्मानित

**अनोखा तीर, बड़वाह।** गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शासकीय स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा क्षेत्र में 45 वर्षो तक अपनी उत्कृष्ट सेवा देने वाले क्षेत्र में लोकप्रिय रहे शिक्षाविद स्वर्गीय भीमसिंह जी सेंगर की



पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति स्वरूप यह सम्मान सार्वजनिक गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान नगर पालिका परिसर में दिया जाएगा। आयोजन समिति के मनीष शर्मा, और डॉ. परेश विजयवर्गीय ने बताया कि सरकारी स्कूलों की कक्षा 10 वीं और 12 वीं में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षाविद भीमसिंह सेंगर अवार्ड दिया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को एक शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ 12 वीं एवम 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100 रुपए व द्वितीय आने वाले को 3100 रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। 26 जनवरी को नगर पालिका परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मौजूद अतिथियों द्वारा इन मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसका उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करना है बल्कि सरकारी स्कूलो में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित भी करना है।

### वसंत पंचमी पर दादाजी धूनीवाले महाराज मंदिर निर्माण का शुभारंभ हुआ

**अनोखा तीर, खंडवा।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर खंडवा की धार्मिक धरोहर में एक नया अध्याय जुड़ गया। दादाजी धूनीवाले महाराज के संगमरमर से निर्मित होने वाले भव्य 84 खंभों वाले मंदिर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लिंथ निर्माण के प्रथम चरण की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व पूजन किया गया। कार्यक्रम में



सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन तनवे, महापौर अमृता अमर यादव सहित मंदिर ट्रस्ट एवं निर्माण समिति के सदस्यों ने पूजन कर दादाजी महाराज के चरणों में नमन किया। जैसे ही निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, परिसर दादाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि प्रस्तावित मंदिर संगमरमर के 84 खंभों पर आधारित होगा, जिसका सनातन परंपरा में विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह मंदिर न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि खंडवा को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी नई पहचान दिलाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने इसे वर्षों पुरानी आस्था के साकार होने का क्षण बताया और मंदिर निर्माण को क्षेत्र के लिए मंगलकारी एवं ऐतिहासिक कदम माना।

### अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री को ध्वजारोहण देना दुर्भाग्यपूर्ण : सोलंकी

**अनोखा तीर, खंडवा।** किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अभद्र, आपत्तिजनक और महिला-विरोधी टिप्पणी करने वाले मंत्री को गणतंत्र दिवस जैसे पवित्र राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण की जिम्मेदारी दिए जाने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान, समानता, सम्मान और



लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। ऐसे व्यक्ति को, जिसकी भाषा और सोच महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध रही हो, इस अवसर पर प्रतिनिधित्व का अधिकार देना दुर्भाग्यपूर्ण है और देश की आधी आबादी की भावनाओं का अपमान है। गजेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि यह मामला केवल कर्नल सोफिया कुरैशी तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्त महिलाओं के स्वाभिमान और सम्मान से जुड़ा है। इस तरह की टिप्पणियां समाज में गलत संदेश देती हैं और महिला सम्मान के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसे व्यक्तियों को सार्वजनिक मंचों से संदेश देने का अवसर देना नकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रदेश महासचिव ने प्रशासन से मांग की कि मंत्री विजय शाह को 26 जनवरी पर ध्वजारोहण से रोका जाए और भविष्य में ऐसे लोगों को किसी भी सार्वजनिक या संवैधानिक सम्मान से दूर रखा जाए। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों का सम्मान किसी भी राजनीतिक मजबूरी से बड़ा है।

### गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल हुई

**अनोखा तीर, खंडवा।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस जिले में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम की फाइनल



रिहर्सल शनिवार सुबह स्टेडियम ग्राउंड पर संपन्न हुई। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन गौड़ा, अपर कलेक्टर के आर बडोले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं महेंद्र तारणेकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी सभी ने सराहना की।

### उच्च शिक्षा मंत्री 27 को खंडवा प्रवास पर

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार आगामी 27 जनवरी को खंडवा आएंगे। इस दौरान वे जिले के ओंकारेश्वर पहुंचकर नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 26 जनवरी की रात्रि 11 बजे कटनी से रीवा-राजकोट एक्सप्रेस द्वारा प्रस्थान कर 27 जनवरी को सुबह 6 :20 बजे खंडवा पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह 9 बजे खंडवा स्थित सर्किट हाउस से ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगे। मंत्री सुबह 11 बजे ओंकारेश्वर के नजर निहाल आश्रम में आयोजित नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात दोपहर 2 बजे वे कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं मिला सार्वजनिक रास्ता

● नगरपालिका ने 'सार्वजनिक रास्ता' ही कर दिया गायब! ● उपयंत्री की भूमिका पर शक, निभाया पद या निभाया पक्ष?

खरगोन में सीता वल्लभ मार्केट-वल्लभ नगर मार्ग विवाद अब प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नगर पालिका की संदिग्ध भूमिका का प्रतीक बनता जा रहा है। हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद जिस तेजी से प्रकरण को कागज़ों में निराकृत किया गया, उसने निष्पक्ष जांच की पोल खोल दी। न नापजोख, न संयुक्त निरीक्षण, न तकनीकी रिपोर्ट-फिर भी फैसला सुना दिया गया। सबसे गंभीर सवाल उपयंत्री की भूमिका को लेकर है, जिनके बिना किसी ठोस तकनीकी निष्कर्ष के निजी दस्तावेजों पर मुहर लग गई। जनता के वर्षों पुराने रास्ते को फाइलों में गायब कर देना, क्या यह प्रशासन है या किसी खास हित की चौकीदारी?

**अनोखा तीर, खरगोन।**

सीता वल्लभ मार्केट से वल्लभ नगर कॉलोनी को जोड़ने वाले वर्षों पुराने सार्वजनिक मार्ग को लेकर उठा विवाद अब नगरपालिका परिषद खरगोन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल बन गया है। हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नगर पालिका के अधिकारियों ने न तो निष्पक्ष जांच की और न ही जमीनी सच्चाई सामने लाने की कोई ईमानदार कोशिश की। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 30 दिवस में जांच कर निर्णय लेने के आदेश दिए गए थे, लेकिन नगर पालिका ने इस आदेश को महज औपचारिकता बनाकर निपटा दिया। न नापजोख कराई गई, न स्थल निरीक्षण की कोई सार्वजनिक रिपोर्ट सामने आई, न ही वर्षों से उपयोग में आ रहे रास्ते के स्थानीय साक्ष्य जुटाए गए सवाल यह है कि क्या बिना मौके पर जाए, बिना पंचनामा बनाए, सिर्फ फाइल पलटकर ही सार्वजनिक रास्ते तय किए जा सकते हैं? शिकायतकर्ता अंशुल पंडित से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन




नगरपालिका यह बताने में पूरी तरह नाकाम रही कि कौन-से रिकॉर्ड उनके पास पहले से मौजूद थे? नगर पालिका के अपने पुराने नक्शे, रजिस्टर और कर अभिलेख क्यों नहीं खंगाले गए? स्थानीय रहवासियों के मौखिक बयान, वर्षों से रास्ते के उपयोग की जानकारी और जनभावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया।

**एकतरफा दस्तावेजों पर आंख मूंदकर भरोसा-** नगरपालिका ने सिर्फ एक पक्ष भूमि स्वामी द्वारा प्रस्तुत 2011 के अभिन्यास को अंतिम सत्य मान लिया। यह नहीं बताया गया किअभिन्यास के बाद के वर्षों में जमीनी स्थिति बदली या नहीं यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि क्या उक्त मार्ग नगर पालिका के संधारण या सफाई रिकॉर्ड में दर्ज था या नहीं यानि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे सार्वजनिक हित की रक्षा करें, वे ही निजी दस्तावेजों के प्रवक्ता बनकर खड़े नजर आए।

### न हाईकोर्ट की मंशा समझी, न जनहित

हाईकोर्ट का उद्देश्य साफ था सार्वजनिक मार्ग है या नहीं, इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच। लेकिन नगर पालिका ने आदेश की आत्मा को ही कुचलते हुए कागजी खानापूर्ति कर प्रकरण को 'निराकृत' घोषित कर दिया। किसके दबाव में हुआ फैसला? सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या नगर पालिका के अधिकारी किसी दबाव में काम कर रहे थे? क्या पहले से तय कर लिया गया था कि फैसला किसके पक्ष में जाना है? क्या नगर पालिका अब निजी हितों की संरक्षक बन चुकी है? जिस रास्ते को स्थानीय लोग वर्षों से उपयोग करते आ रहे हैं, उसे एक झटके में भूखंड घोषित कर देना यह न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही है बल्कि जनहित के साथ खुला खिलवाड़ भी है।

### नगर निवेश ने थमाया नोटिस

### 7 दिन में जवाब नहीं तो होगी वैधानिक कार्रवाई

शहर के सबसे व्यस्त और चर्चित व्यावसायिक क्षेत्र सीता वल्लभ मार्केट को लेकर लंबे समय से उठते सवाल अब प्रशासनिक फाइलों से निकलकर कार्रवाई की दहलीज़ पर पहुंच गए हैं। वर्षों से नियमों को ताक पर रखकर खड़े किए गए इस बहुचर्चित निर्माण पर आखिरकार नगर तथा ग्राम निवेश विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। यह नोटिस सिर्फ एक औपचारिक चेतावनी नहीं, बल्कि अवैध निर्माण, सार्वजनिक रास्तों पर कथित कब्जे और स्वीकृत नक्शों की अनदेखी पर कानून की पहली ठोस दस्तक मानी जा रही है। वलभ नगर रहवासी संघ एवं शिकायतकर्ता कनिष्क पंडित द्वारा प्रस्तुत शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि वर्ष 2011 और 2017 में स्वीकृत अभिन्यास की शर्तों को खुलेआम नजरअंदाज किया गया। 35 से 40 वर्षों से प्रचलित सार्वजनिक मार्गों को बंद कर आम नागरिकों के आवागमन के अधिकार पर सीधा प्रहार किया गया। इससे क्षेत्रीय रहवासियों में आक्रोश और असंतोष लगातार बढ़ता गया। अब सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा जारी नोटिस ने साफ कर दिया है कि यदि 7 दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 और भू-विकास नियम 2012 के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सीता वल्लभ मार्केट का यह मामला सिर्फ एक निर्माण विवाद नहीं, बल्कि शहर में कानून बनाम मनमानी की निर्णायक परीक्षा बन चुका है।

## नर्मदा जयंती पर घंटाघर चौराहे पर महाआरती आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर नर्मदे हर अभियान द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां नर्मदा के जलस्वरूप की भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आज 25 जनवरी को सायं 6 बजे शहर के प्रमुख घंटाघर चौराहे पर संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार महाआरती के दौरान मां नर्मदा को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ नर्मदा संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को मां नर्मदा के जलस्वरूप की झारी पूजन का अवसर दिया जाएगा तथा प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। नर्मदे हर अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां नर्मदा की आराधना करने और नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के संकल्प को मजबूत करने की अपील की है।

कसरावद से साक्षरता क्रांति की शुरुआत, अक्षर साथी बनेंगी बदलाव की मिसाल

## उल्लास कार्यक्रम के तहत दीदियां संभालेंगी शिक्षा की कमान

● अक्षरा थीम पर खरगोन में जगा शिक्षा का नया उजाला ● अब हर घर पहुंचेगी साक्षरता, स्वसहायता समूह निभाएंगे बड़ी भूमिका

**अनोखा तीर, खरगोन।** उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरुआत थीम पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से खरगोन जिले के कसरावद विकासखंड में एक महत्वपूर्ण साक्षरता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत स्वसहायता समूहों की साक्षर दीदियों को अक्षर साथी के रूप में जोड़ा गया है, जिनका उद्देश्य अपने-अपने क्षेत्रों में असाक्षर दीदियों एवं उनके परिवारजनों को साक्षर बनाना है। कार्यक्रम का संचालन राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के नियंत्रक साक्षरता डॉ. राकेश दुबे के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर खेमराज सेन (जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला प्रौढ़ शिक्षा



अधिकारी, खरगोन), आरके पाटीदार (जिला प्रबंधक, एनआरएलएम खरगोन), शिवकन्या सिसोदिया (नोडल अधिकारी, एनआरएलएम खरगोन), राजाराम कांदोडे (विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, कसरावद), विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय कर्मा एवं प्रभारी विकासखंड सह-समन्वयक (साक्षरता) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान जिला सह-समन्वयक (साक्षरता) मुबारिक ख़ान पठान ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। साक्षर दीदियों को ऑनलाइन पंजीयन के पश्चात अक्षर साथी के रूप में शिक्षण कार्य हेतु अक्षर पोथी प्रदान की गई। इस दौरान अक्षर साथी दीदियों का विशेष उन्मुखीकरण किया गया।

उन्हें पठन-पाठन सामग्री, शिक्षण विधियों तथा साक्षरता से संबंधित आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया, ताकि वे प्रभावी रूप से अपने क्षेत्र में साक्षरता अभियान को गति दे सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी, जन शिक्षक, विकासखंड अकादमी समन्वयक, अधिकारी एवं स्वसहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं। सभी ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम बताते हुए जिले को पूर्ण साक्षर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। यह पहल न केवल महिलाओं को सशक्त बनाएगी, बल्कि पूरे परिवार और समाज में जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता की नई नींव रखेगी।

## एक ही दुकान से पुस्तक-यूनिफार्म खरीदने की बाध्यता पर रोक

**अनोखा तीर, खंडवा।**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने शनिवार को जिले के निजी स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी एक ही दुकान से पुस्तक या यूनिफार्म खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं, जिनका पालन सभी को अनिवार्य रूप से करना होगा। इन आदेशों का उद्देश्य स्कूल संचालकों की एकाधिकार



प्रवृत्ति को समाप्त करना है। अब कोई भी स्कूल अपने विद्यार्थियों को किसी एक दुकान से गणवेश, जूते, टाई, किताबें, कापियां या स्टेशनरी सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निजी स्कूल अपनी प्रत्येक कक्षा के लिए अनिवार्य पुस्तकों की सूची एवं यूनिफार्म संबंधी जानकारी 10 फरवरी 2026 के पूर्व स्कूल की वेबसाइट पर अपलोड करें तथा विद्यालय परिसर के सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करें। साथ ही सत्र प्रारंभ होने के एक माह पूर्व कम से कम तीन पुस्तक एवं यूनिफार्म विक्रेताओं के नाम वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी विक्रेता द्वारा पूरे सेट की पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। यदि किसी विद्यार्थी के पास पुरानी पुस्तकें उपलब्ध हों, तो केवल आवश्यक पुस्तकों का ही विक्रय किया जाए। यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जाए कि कम से कम तीन वर्ष तक उसमें परिवर्तन न हो। कलेक्टर ने बताया कि विद्यालयों में एनसीईआरटी या एससीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को ही पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। अत्यावश्यक होने पर पालक-शिक्षक संघ की सहमति से अधिकतम दो निजी प्रकाशकों की पुस्तकें ही जोड़ी जा सकेंगी, जो बाजार में आसानी से उपलब्ध हों। बैठक में निजी स्कूलों में कक्षावार बस्ते के वजन की सीमा भी निर्धारित की गई। आदेश के अनुसार कक्षा पहली व दूसरी के लिए 1.6 से 2.2 किलोग्राम, तीसरी से पांचवीं तक 1.7 से 2.5 किलोग्राम, छठी व सातवीं के लिए 2 से 3 किलोग्राम, आठवीं के लिए 2.5 से 4 किलोग्राम तथा नौवीं और दसवीं के लिए 2.5 से 4.5 किलोग्राम वजन तय किया गया है। कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए बस्ते का वजन शाला प्रबंधन समिति द्वारा विषयों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को एंजेल प्लेनेट विद्यालय, खंडवा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर राजेश खत्री, प्राचार्य डोना इम्स सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के सचिव पियूष भावे ने कहा कि बालिकाएं आत्मविश्वास, प्रतिभा और मूल्यों के साथ समाज को बेहतर बनाने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों की उन्नति से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है और आज वे विकास के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। साथ ही उन्होंने विधिक सहायता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, बालिकाओं से संबंधित प्रावधानों, निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं एवं बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी दी तथा आत्मनिर्भर, शिक्षित और जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के पैरालीगल वालंटियर्स अब्बास अली, अखिलेश सोनी, कल्पना कनाडे एवं उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लैंगिक शोषण, कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई।

## 13 मजदूरों को रौंदने वाला कार ड्राइवर गिरफ्तार

**अनोखा तीर, जबलपुर।**

नेशनल हाईवे पर निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों को तेज रफ्तार कार से कुचलने वाले फरार आरोपी लखन सोनी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। यह दर्दनाक हादसा 18 जनवरी 2026 को थाना बरेला क्षेत्र में सिग्मा कान्हा कॉलोनी, सालीवाड़ा के पास नेशनल हाईवे पर हुआ था, जिसमें 5 मजदूरों की मौत और 11 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक मंडला से जबलपुर की ओर जा रही सफेद रंग की कार के चालक ने लापरवाही से तेज वाहन चलाते हुए सड़क किनारे काम के बाद लंच कर रहे मजदूरों को कुचलते हुए फरार हो गया।

हादसे में 11 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 5 मजदूरों



की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

**कार मालिक से खुला राज-** मामले में पुलिस ने कार मालिक दीपक सोनी (पिता रमेश सोनी) को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। पूछताछ में सामने आया कि घटना के समय कार उसका भाई लखन सोनी चला रहा था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया, जबकि लखन सोनी फरार हो गया था। फरार आरोपी की तलाश में थाना बरेला और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम लगाई गई। इसी दौरान क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी लखन सोनी जबलपुर स्टेशन के पास बाहर भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे ट्रेन की बोगी से दबोच लिया। गौर चौकी प्रभारी टेकचंद शर्मा ने बताया कि वो पुणे जाने की फिराक में था। वो कटनी से ट्रेन बैठा था। क्राइमब्रांच की टीम ने जानकारी लगते ही उसे टिकट सहित ट्रेन की बोगी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लखन सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी), 105 और मोटरयान अधिनियम की धारा 184, 134, 187, 177 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

● **नेशनल हाईवे पर परिजनों ने किया था चक्काजाम-** हादसे के बाद मृतकों के परिजनों ने डेडबॉडी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया था। हजारों ग्रामीण उनके समर्थन में मौके पर पहुंचे थे। एनएचएआई, शासन और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए करीब 5 घंटे तक प्रदर्शन किया था। इस दौरान नेशनल हाईवे पूरी तरह जाम रहा, जो करीब 10 किलोमीटर तक फैला रहा। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और एसडीएम अभिषेक सिंह के कई घंटों के प्रयास के बाद परिजन माने तब जाकर धरना और जाम समाप्त हुआ था।

# सात श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल से निकला पवित्र कचारगढ़ गुफा दर्शन के लिए

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में स्थित पवित्र कचारगढ़ गुफा के दर्शनों के लिए शनिवार सुबह सोहागपुर से सात श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल यात्रा पर रवाना हुआ। नगर के पेट्रोल पंप चौराहे पर नागरिकों ने श्रद्धालुओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नयागांव के सरपंच प्रतिनिधि दीपक रघुवंशी ने भी श्रीफल देकर विदाई दी। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हैं- विक्रम परते (डूंडादेह), ब्रजमोहन इवने (नयागांव), कृष्ण भल्लवी (डूंडादेह), पूरन भल्लवी




(डूंडादेह), गोविंद उइके (डूंडाखापा), सुरेश सरयाम (डूंडादेह) और लोकेश उइके (डूंडादेह)। 28 जनवरी से कचारगढ़ में लगने वाले मेले में ये श्रद्धालु प्रशासन के साथ मिलकर दर्शनों की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और अन्य कार्यों में सहायता करेंगे। इसके अलावा, अन्य वाहनों से 400 से 500 श्रद्धालु भी मेले में पहुंचकर सेवा देंगे। गौरतलब है कि यह जत्था पिछले 10 वर्षों से कचारगढ़ मेले में प्रशासन और श्रद्धालुओं की मदद करता आ रहा है। पिछले दो वर्षों से कुछ श्रद्धालु साइकिल से यात्रा कर मेले में पहुंचकर सेवा दे रहे हैं। साइकिल यात्रियों का स्वागत करने के दौरान शिक्षक बलराम उइके, सचिव मंगल सिंह ठाकुर, बंसीलाल रघुवंशी, बड़ी संख्या में नागरिक और मित्रबंधु उपस्थित रहे।

## देवनारायण जयंती पर निकाल भक्तों शोभा यात्रा

### आरती भंडारा प्रसादी के साथ झालौन में हुआ समापन

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा मेन रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्ग से होते हुए पीपल चौक पहुंची, यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए। भगवान देवनारायण की जयकारों के साथ डीजे ढोल की धुन पर युवा नाचते झूमते नजर आए वही बाहर से आए कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की सुंदर झांकी सजाकर नृत्य किया गया। जिन्होंने यात्रा में शामिल लोगों का मन मोह लिया पीपल चौक बिजली ऑफिस झालौन रोड होते हुए शोभायात्रा भगवान देवनारायण मंदिर धाम झालौन पहुंची, जहां भगवान देवनारायण की आरती के पश्चात प्रसादी वितरण एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## सार-समाचार

### खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी महोत्सव

**अनोखा तीर, देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्याम भक्तों ने शीश के दानी खाटू नरेश का अलौकिक श्रृंगार किया। बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए गए तथा पवित्र ज्योत प्रज्वलित की गई। महोत्सव के दौरान श्याम भक्तों ने बाबा को पीले वस्त्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात बाबा श्याम की महाआरती की गई। खाटू वाले श्याम को केसरिया भात का विशेष भोग



भी लगाया गया। भजन संध्या में गायक हरिओम उपाध्याय एवं महिला मंडल की राधा ठाकुर ने श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, अर्जुन चौधरी, पूर्णिमा खंडेलवाल, संजय दायमा, अमित पंडित, गजेंद्र सोनी, प्रदीप साबू, नरेंद्र मुंदड़ा, कैलाश शर्मा, हरिओम उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में मंदिर संस्थापक श्याम शर्मा, राधा अग्रवाल एवं ओम प्रकाश बंसल ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### भजन गायक संजय जैन लख्खा ने समाज सेवी राधेश्याम सोनी का किया सम्मान

**अनोखा तीर, देवास।** मां चामुंडा जी की पावन नगरी देवास में विगत अनेक वर्षों से धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में निःस्वार्थ सेवा कार्य कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी राधेश्याम सोनी का प्रसिद्ध भजन गायक संजय कुमार जैन लख्खा द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट




कर उनके सेवा कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। ज्ञातव्य है कि श्री सोनी एवं उनका परिवार विगत कई वर्षों समाज सेवा के विविध कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। उनके द्वारा किए जा रहे सतत सेवा कार्यों से अभिभूत होकर भजन गायक संजय कुमार जैन लख्खा ने यह सम्मान सप्रेम भेंट किया। इस गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार चेतन उपाध्याय, मंच संचालक धर्मेंद्र रेनीवाल, कुसुमलता अग्रवाल, समाजसेवी राजेंद्र मुंदड़ा, बलजीत सिंह सलूजा तथा आकृति पारे गोपाल पंडित अंजना शर्मा सहित अनेक गायक कलाकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। आभार गौरवमयी ललित योगी ने माना।

### जगह जगह चुनरी यात्रा का आयोजन आज

**अनोखा तीर, माखननगर।** नर्मदा जयंती के अवसर पर जगह-जगह चुनरी यात्रा के आयोजन किए जाएंगे। जहां नगर में पुरानी टॉकीज स्थित नर्मदा मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। समिति के सदस्य दीपक वर्मा ने बताया यात्रा एवं प्रसादी वितरण प्रातः 10 बजे से किया जाएगा, रात्रि 08 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं ग्राम कोट गांव के निवासियों द्वारा भी आज चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। जो प्रातः 09 बजे से प्रारंभ होकर नर्मदा तट नसीराबाद पर संपन्न होगी।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरोटा में राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस का आयोजन

**अनोखा तीर, पथरोटा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22 से 24 जनवरी तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस के तहत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर पथरोटा में इस दिवस का आयोजन किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक चेतना ढीवरे ने बालिकाओं को राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस का उद्देश्य समझाया। उन्होंने बताया कि यह दिवस 2008 से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बालिकाओं के अधिकार,



शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज में सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान भेदभाव कम करना, कन्या भ्रूण हत्या रोकना, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोषण और पढ़ाई के अभियान, पोक्सो एक्ट, बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य अरविंद देवरिया के नेतृत्व में विनीता जोनाथन, किरण पटेल, विभा श्रीवास्तव, कल्पना महोबिया, प्रियवान्दा दुबे, लवीना जेम्स, नेहा वर्मा, अनामिका, सीमा चौधरी और रोहित चौरे ने बालिकाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुतला, आरती, नीति रूप, कीर्ति, सरोज, पूजा और सरला ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जानकारियों को साझा किया।

### ग्राम जमानी में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा सत्संग का आयोजन



**अनोखा तीर, इटारसी।** ग्राम जमानी में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक आचार्य पंडित दिपक (मारागांव) विभिन्न विषयों पर कथा का प्रवचन दिए। कथा में शामिल विषयों में शिव-पार्वती विवाह, लक्ष्मीनारायण विवाह, देवी पुराण के अंतर्गत रामेश्वर भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, रावण को निमंत्रण भेजने की कथा और सीता पुत्री के साथ कमलादेवी दसवीं महत्व प्रतिमा प्राप्त करने का विवरण शामिल है।

● म्यूजिकल फाउंटेन और लेजर शो बनेगा इस बार का मुख्य आकर्षण

# सेठानी घाट पर मंगलाचरण के साथ शुरू हुआ नर्मदा प्रकटोत्सव और गौरव दिवस

### ● आज मुख्यमंत्री करेंगे मां नर्मदा का पूजन-अभिषेक

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मां नर्मदा प्रकटोत्सव और गौरव दिवस के दो दिवसीय आयोजन की भव्य शुरुआत शनिवार को सेठानी घाट पर मंगलाचरण के साथ हुई। पूरा शहर दुल्हन की तरह सजाया गया है। सेठानी घाट को रंग-बिरंगी इंद्रधनुषी रोशनी, साफ-सफाई और रंगाई-पुताई से आकर्षक रूप दिया गया है। शनिवार को सुबह 10:30 बजे सेठानी घाट पर विधि-विधान से मंगलाचरण के साथ पूजन हुआ, जिसके बाद भजनांजलि का आयोजन किया गया। इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए सबसे खास आकर्षण म्यूजिकल फाउंटेन और लेजर शो रहेगा, जिसमें मां नर्मदा की पावन गाथा को भव्य और आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। यह पहला अवसर है जब नर्मदा जयंती पर लेजर शो और म्यूजिकल फाउंटेन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य आयोजन रविवार को होगा, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल मंच से मां नर्मदा का पूजन-अर्चन और अभिषेक करेंगे। इसे लेकर प्रशासन और नगर पालिका द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उत्सव के अंतर्गत 'इंद्रधनुष' कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें रंगोली, चित्रकला और मेहंदी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। शाम को नित्य आरती समिति द्वारा महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात शाम 7:30 बजे भोपाल की प्रसिद्ध कलाकार श्वेता शर्मा और उनके साथियों द्वारा मां नर्मदा पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने नर्मदा जयंती महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व नर्मदापुरम में हर वर्ष बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया है



और मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित होकर मां नर्मदा की आरती और अभिषेक करेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने बताया कि नगर पालिका द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साफ-सफाई, सजावट, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पंडित पंकज पाठक ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नर्मदा जयंती की शुरुआत आज से हो गई है। रविवार को नर्मदा जयंती के अवसर पर शहर सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे और मां नर्मदा की आराधना करेंगे।


# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम तालकेसरी में आयोजित

**अनोखा तीर, माखन नगर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया एवं ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान अंतगर्त ग्राम स्तरीय ग्राम उत्सव शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती ज्योति चौहन उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर की गई। ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने कहा कि स्वामी जी का जीवन असीम सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ रहा। स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनकर आज भी हम सब के बीच में विद्यमान हैं। यदि हम सब युवा विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने और अपने जीवन में उन आदर्शों पर चलने का प्रयास भी करते हैं, तो भी हम अपने जीवन अपने समाज और अपने देश को उच्चता के शिखर पर पहुंचा सकते



हैं। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने लाड़ली बहन योजना और बच्चों को यौनशोषण से बचाने के लिए जनजागरण के लिए श्रोताओं से आव्हान किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर लगाया गया। जिसमें सीएचओ डॉ. धनराज मानकर, एएनएम श्रीमती गीता बनवारी, आशा सहयोगिनी श्रीमती ज्योति राधिका कहार, आशा कार्यकर्ता श्रीमती मुन्नी बाई अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता मीना एवं श्रीमती सपना साहू, तथा आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती संगीता कुम्हरे और लता परते उपस्थित रहीं। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति तालकेसरी अध्यक्ष राम मीना, रामकुमार मीना, प्रशांत पटेल, प्रेमनारायण पटेल, नारायण मीना, रघुवीर मीना, वीरेंद्र ठाकुर, गजेंद्र कहार, छात्र-छात्राएं एवं समाज सेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राम मीना द्वारा किया गया।

# भीम आर्मी ने ग्राम पंचायत में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना की मांग की




**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** भीम आर्मी के सदस्यों ने नंदरवाड़ा ग्राम पंचायत भवन मैदान में बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायत नंदरवाड़ा के सरपंच उमाशंकर कुशवाह को आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है कि बाबा साहेब ने समाज के दबे-कुचले वर्गों को उनके अधिकार दिलाने, शिक्षा का महत्व समझाने और देश को मजबूत संविधान प्रदान करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। भीम आर्मी का मानना है कि उनकी मूर्ति ग्राम पंचायत में स्थापित होने से नागरिकों और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी, साथ ही सामाजिक समरसता और जागरूकता भी बढ़ेगी। भीम आर्मी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मांडवी के नेतृत्व में मुनव्वर शाह, इरफान शाह, रहमान शाह, अकबर खान, सतीश मांडवी, पप्पू यादव, अंच्छा मांडवी, शगीर शाह और अन्य सदस्यों ने यह आवेदन सरपंच को सौंपा।

# तीन साल में ठोस फैसलों से गढ़े विकास के नए आयाम : नपा अध्यक्ष

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के पावन तट पर बसा नर्मदापुरम आज तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। नागरिकों की अपेक्षाओं और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद ने ऐसे कार्य किए हैं, जो कभी केवल सपने हुआ करते थे। बीते तीन वर्षों में ठोस और दूरदर्शी निर्णय लेकर नगर विकास के नए आयाम गढ़े गए हैं। आज प्रत्येक वार्ड में हुए विकास कार्य इस बात के प्रमाण हैं कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ परिषद ने काम किया है।नगर विकास के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद, नगरीय निकाय योजनाएं, केंद्र सरकार की योजनाएं, सांसद निधि और विधायक निधि का बेहतर उपयोग कर नागरिकों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का सतत प्रयास किया जा रहा है।नर्मदापुरम नर्मदा तट पर बसे अपने विश्वप्रसिद्ध घाटों के कारण धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन रहा है। सेठानी घाट, पर्यटन घाट, विवेकानंद घाट, परमहंस घाट सहित सभी घाटों पर धार्मिक आयोजनों के दौरान शंख और घंटियों की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना देती है। माघ शुक्ल सप्तमी को मनाई जाने वाली नर्मदा जयंती पूरे देश में प्रसिद्ध है, जिसका सुव्यवस्थित आयोजन श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। इससे नर्मदापुरम धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान बना रहा है।नगर पालिका परिषद के तीन वर्षों का कार्यकाल कई ऐतिहासिक और चुनौतीपूर्ण कार्यों से भरा रहा है। मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण और मंदिर का स्थानांतरण एक बड़ा और साहसिक निर्णय था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। आज मीनाक्षी चौक और राजराजेश्वरी मंदिर दिव्य और भव्य स्वरूप में नजर आते हैं। परिषद द्वारा मां नर्मदा लोक कॉरिडोर, चौक-चौराहों का चौड़ीकरण, राजघाट का उन्नयन, मीनाक्षी चौक का विकास, नए एवं भव्य मंदिर का निर्माण, घाटों का सौंदर्यीकरण, स्टेडियम निर्माण, बस स्टैंड का नवीनीकरण, भोपाल तिराहे का सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक



हॉल का निर्माण, वार्डों में मंगल भवन, सुलभ कॉम्प्लेक्स, रैन बसेरों में बेहतर सुविधाएं, सड़कों व नालों का निर्माण, अतिक्रमण हटाओ अभियान और नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी बनाए रखने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। ये सभी विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के संपन्न किए जा रहे हैं। स्वच्छता को लेकर भी परिषद गंभीर और प्रतिबद्ध है। नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए नुक्कड़ नाटकों, सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। हर वार्ड में समय पर कचरा वाहन पहुंच रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में अत्याधुनिक मशीनों से कचरे का पृथकीकरण किया जा रहा है और जल्द ही नर्मदापुरम को कचरे के पहाड़ से मुक्त करने का लक्ष्य है।नगर पालिका परिषद नियमित बैठकों के माध्यम से पार्षदों के सुझावों को शामिल कर योजनाओं को और प्रभावी बना रही है। परिषद का उद्देश्य है कि नागरिकों के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरा जाए।

## न्यायालय ने मोटर दुर्घटना दावे में 22 लाख का मुआवजा दिया

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने ग्राम सुरजपुर निवासी शैलेन्द्र रघुवंशी की मृत्यु के मामले में उनके परिवार को 22 लाख 55 हजार रुपए मुआवजे का आदेश दिया है। शैलेन्द्र रघुवंशी की मौत एक ट्रैक्टर में दबने की दुर्घटना में हुई थी। न्यायाधीश प्रथम सदस्य श्रीमती तबस्सुम खान ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों और तथ्यों का विचार करने के बाद निर्णय दिया कि दुर्घटना में पीड़ित परिवार को गंभीर क्षति हुई है, जिसके लिए मुआवजा न्यायोचित है। बीमा कंपनी को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित राशि 30 दिन के भीतर पीड़ित पक्ष को प्रदान की जाए। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता कमल किशोर कौशल ने की, जिन्होंने परिवार को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ग्राम गुराडिया कला में मनाया गया राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस



**अनोखा तीर, सोहागपुर/ माखननगर।** शनिवार को ग्राम गुराडिया कला में राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को समाज की अनमोल धरोहर बताते हुए शिक्षा के महत्व, स्वास्थ्य देखभाल, शरीर में हीमोग्लोबिन और आयरन के महत्व तथा सामाजिक जागरूकता की जानकारी दी गई।

## प्राथमिक शाला ईशरपुर में कक्षा 3-5 का शैक्षिक संवाद संपन्न

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** शनिवार को प्राथमिक शाला ईशरपुर में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय कक्षा 3 से 5 के शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इस



अवसर पर शैक्षिक संवाद का विषय जोड़-घटाव और शाब्दिक/इबारती प्रश्नों पर आधारित था। कार्यक्रम में सहजकर्ता अखिलेश तिवारी और नोडल प्रमेन्द्र साहू ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। सहयोगी की भूमिका में परसराम पटेल उपस्थित रहे। शाला के छात्रों ने सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी, जबकि शिक्षक गंगाराम सराठिया और बलराम उइके ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत किया।

# मानसिक स्वास्थ्य चुनौती और समाधान विषय संगोष्ठी

### दूसरे दिन व्याख्यान एवं शोधार्थियों ने शोध पत्र का हुआ वाचन

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 24 जनवरी को मानसिक स्वास्थ्य चुनौती और समाधान विषय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस तकनीकि सत्र में विभिन्न विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं शोधार्थियों ने शोध पत्र का वाचन किया। द्वितीय दिवस मुख्य वक्ता डॉ. पुरुषोत्तम एम बोरकर प्राचार्य मातृ सेवा संघ समाज कार्य संस्थान नागपुर, विशिष्ट वक्ता डॉ. तैयबा खातून समाजशास्त्र शासकीय एमएलबी महाविद्यालय भोपाल, अध्यक्ष डॉ. भारती दुबे प्राध्यापक गृहविज्ञान विभाग नर्मदापुरम मंच उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. पुरुषोत्तम एम बोरकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य की तरह मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व दें, क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। हमें तनाव न हो इसका प्रयास करना होगा सकारात्मक सोच, स्पष्ट विचार, स्वस्थ रिश्ते एवं जीवन में संतोष संतुष्टि इसके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हम सहायक बने सकारात्मक रहे एवं अलगाव को न चुने। मनोरोगों को चिन्हित करें उपचार करने एवं संबंधित संस्थाओं की जानकारी साझा की। पारिवारिक वातावरण मानसिक रोग का मुख्य कारण होता है। आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए स्वयं को प्रोत्साहित करें। डॉ. तैयबा खातून ने आत्महत्या के कारण एवं बचाव पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सामाजिक सुदृढ़ता जितनी अधिक होगी आत्महत्या उतनी कम होगी। आश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य आश्रम बच्चों को परिपक्व अनुशासित संयमी एवं नैतिक गुणों से परिपूर्ण बनाता था। परिवार के सदस्यों में आत्मीयता और मजबूत



संवाद होना अति आवश्यक है। बच्चों की मजबूत परवरिश करनी होगी नहीं तो हमें जीवन भर कष्ट उठाना होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. भारती दुबे ने कहा कि पहले पूरा मोहल्ला बच्चे का अभिभावक होता था। इसलिए बच्चों को तनाव जैसी स्थिति से नहीं गुजरना पड़ता था। बच्चे मस्त एवं स्वस्थ रहते थे और तनाव प्रबंधन की आवश्यकता नहीं होती थी। कोई भी समस्या इतनी बड़ी नहीं होती जिसका हाल ना हो। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रामबाबू मेहर ने एवं आभार डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने किया। समापन सत्र में जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती संध्या थापक, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन, मुख्यवक्ता प्राध्यापक डॉ. रजनीश जैन, सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय संदर्शन महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. शशांक शेखर ठाकुर प्राध्यापक, समाजशास्त्र बरकतउल्ला विवि भोपाल, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. अमरीश कुमार त्रिपाठी ने मंच पर अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत दो दिनों से चल रही संगोष्ठी में हम मानसिक स्वास्थ्य पर विचार-विमर्श से इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए जियो और जीने दो का मंत्र आत्मसात करना होगा। मानसिक स्वास्थ्य हमारे सोचने महसूस करने और व्यापार करने के तरीके पर निर्भर करता है, जो समग्र जीवन की गुणवत्ता के लिए शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ, तनाव से रहित रहना, अपनी गुणवत्ता एवं क्षमताओं को जानना एवं रचनात्मकता बनाए रखना है। जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती संध्या थापक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आयोजित संगोष्ठी अत्यंत समयानुकूल है। वर्तमान समय के जीवन शैली में इस प्रकार के विषयों पर चर्चा होना अति आवश्यक है। महाविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य मानव के जीवन की महत्वपूर्ण धरोहर है। डॉ. रजनीश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सकारात्मक मानसिकता हर समस्या का समाधान होती है। नकारात्मक विचार को हम तत्काल स्वीकार कर लेते हैं, परंतु सकारात्मक में कई तर्क लगाते हैं। आप कितने उन्नत होंगे यह आपकी इच्छा शक्ति पर निर्भर करता है। डॉ. शशांक शेखर ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जागरूकता आवश्यक है। परंतु कारण को चिन्हित करना भी अति आवश्यक है। सामाजिक जुड़ाव कहीं दबाव का रूप ना ले इसकी हमें जांच करनी होगी। हर समस्या का हल निकलेगा परंतु चर्चा अति आवश्यक है। संगोष्ठी में डॉ. नीतू पवार, संकल्प यादव, ऋतिक मालवीय, अभिषेक शिवहरे, ऐश्वर्या प्रताप सिंह सोलंकी, सदफ़ खान, गौरव बिलथरिया, चंद्रभान सोनी नें शोध पत्र का वाचन किया। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. पुरुषोत्तम एम बोरकर ने संगोष्ठी के सफल आयोजन की शुभकामनाएं ज्ञापित की। साथ ही कहा कि ऐसे विषय पर संगोष्ठी समाज में सुधार का एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस संगोष्ठी में डॉ. कंचन ठाकुर, आरके चौकीकर, डॉ. रफीक अली ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. संगीता अहिरवार एवं आभार आरके चौकीकर ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्रीकान्त दुबे, डॉ. आरबी शाह, डॉ. पीआर मानकर, डॉ. सीएस राज, डॉ. रामबाबू मेहर, डॉ. संध्या राय, डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. वैशाली लाल, डॉ. रागिनी सिकरवार, डॉ. आशीष सिंह, डॉ. दुर्गेश तेली, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, प्रेमकांत कटंगकार, डॉ. मनीषा बाघमारे डॉ. मनीषा तिवारी, डॉ. कीर्ति दीक्षित, अजय तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, डॉ. निशा रिछारिया, नारायण सिंह उपरेलिया, डॉ. रीना मालवीय डॉ. प्रगति जोशी, श्रीमती प्रीति मालवीय, डॉ हेमंत चौधरी सहित अन्य महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## सार-समाचार

### आज होगा 'एक शाम देश के नाम' कार्यक्रम

**अनोखा तीर, बैतूल।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शहर में आज 25 जनवरी की शाम देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम 'एक शाम देश के नाम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वर मंथन म्यूजिकल ग्रुप, बैतूल द्वारा विशेष ट्रैक शो की प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन अंबेडकर चौराहा स्थित पुलिस ग्राउंड में शाम 7 बजे से होगा, जहां देशभक्ति गीतों की श्रृंखला के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया जाएगा। स्वर मंथन म्यूजिकल ग्रुप के संचालक महेश पाटिल और चंदन ठाकरे ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन ओम शक्ति टीवीएस शोरूम बैतूल, ब्लू स्काय हॉस्पिटल नागपुर और विंध्य रेसिडेंसी बैतूल के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजकों की ओर से शहरवासियों से अपील की गई है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को यादगार बनाएं।

### गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल संपन्न

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत शनिवार को फाइनल रिहर्सल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अपर कलेक्टर वंदना



जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीएम अभिजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रिहर्सल में मुख्य अतिथि के आगमन, परेड निरीक्षण, संदेश वाचन, हर्ष फायर, परेड, पीटी प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभ्यास किया गया। इसमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड तथा छात्र-छात्राओं ने अनुशासन एवं समन्वय के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान समयबद्धता और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### खातेगांव में खाटू नरेश के दरबार से पीतांबरी का वितरण



**अनोखा तीर, खातेगांव।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर 23 जनवरी को बाबा खाटू श्याम के दरबार खातेगांव में पीतांबरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम समिति द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया तथा महाआरती के साथ केसरिया भात का महाप्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा की महाआरती एवं केसरिया भात की महाप्रसादी में शामिल हुए और पीतांबरी का प्रसाद प्राप्त किया। बसंत पंचमी के अवसर पर भक्तों ने बाबा के दरबार में पहुंचकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु खातेगांव पहुंचकर खाटू नरेश के दर्शन करने आए और धार्मिक आयोजन में सहभागी बने।

### भारत पर्व का आयोजन 26 जनवरी को शाम 6 बजे मल्हार स्मृति मंदिर देवास में होगा

**अनोखा तीर, देवास।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर लोकतंत्र के उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा।उत्सव में देश भक्ति गीत, लोकनृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। ''भारत पर्व'' कार्यक्रम के दौरान मल्हार स्मृति मंदिर देवास में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं पर प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। भारत पर्व आयोजन में अधिक से अधिक नागरिक शामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मनाये।

### गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों एवं महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी के निर्देश

**अनोखा तीर, देवास।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिये। इस संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने समस्त विभागों के जिलाधिकारियों, निकायों, जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए है।

### बिजली समस्याओं को लेकर भाकपा का कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**अनोखा तीर, देवास।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) देवास इकाई द्वारा जिले में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली बोर्ड को पुनः स्थापित करने की मांग की। भाकपा कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर इसे जनता के स्वविवेक पर छोडने, अघोषित




बिजली कटौती बंद करने तथा किसानों को सिंचाई एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इसके साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की बिजली कटौती न किए जाने की मांग भी की गई। प्रदर्शन के दौरान बिजली दरों में कमी करने तथा एक समान शुल्क प्रणाली लागू करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। इन सभी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर देवास के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। यह प्रदर्शन जिला सचिव कामरेड कैलाश सिंह राजपूत के नेतृत्व में किया गया जिसमें कामरेड बाबूलाल वागड़े, कामरेड प्रतिभा कुमार, कामरेड सत्यवान पाटिल, कामरेड मशरूर अंसारी, कामरेड मलिक अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# नेमावर में माँ दधिमथी प्राकट्य उत्सव और नर्मदा जयंती आयोजन

**अनोखा तीर, नेमावर।** नर्मदा तट सिद्धक्षेत्र नेमावर स्थित दाधीच ब्राह्मण समाज की कुलदेवी माँ दधिमथी मंदिर में कुलदेवी का प्राकट्य उत्सव 19 से 25 जनवरी तक मनाया जा रहा है। मंदिर समिति अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पं. आदर्श गुरुजी के सानिध्य में शतचंडी यज्ञ तथा लाला जी दाधीच के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 25 जनवरी को कथा विश्राम, यज्ञ पूर्णाहुति, पूजन-अभिषेक, छप्पन भोग और महाप्रसादी का आयोजन होगा। माघ शुक्ल सप्तमी तिथि 25 जनवरी को नाभिकुंड नेमावर में नर्मदा जयंती मनाई जाएगी। चिन्मय धाम आश्रम के संत विट्ठल दास रामसी महाराज के सानिध्य में सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सिद्धनाथ घाट पर महापूजन, दुग्धाभिषेक, विशेष अर्चन, महाआरती, कन्या पूजन और प्रसादी वितरण किया जाएगा। शाम को दीपदान और चिन्मय धाम में भंडारा प्रसादी आयोजित होगी। और भक्ति गायन की प्रस्तुतियां होंगी। इसी तरह नर्मदा प्राकट्य उत्सव गाजनपुर के बड़े बाबा आश्रम और



नर्मदा जयंती के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 25 जनवरी को नागरघाट नेमावर में निर्झरणी महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें मालवी लोकगायन, नृत्यनाटिका बागदी संगम तीर्थ स्थल पर भी संतों के सानिध्य में मनाया जाएगा। नेमावर में इस अवसर पर महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और आंध्रप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालु हर वर्ष एकत्र होते हैं।

# डिजिटल ठगी से बचाव पर महिलाओं को किया जागरूक

**अनोखा तीर, बैतूल।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए सीएससी ई-गवर्नेंस द्वारा ग्राम नाहिया में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड और मोबाइल हैकिंग से स्वयं व अपने परिवार को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। सीएससी ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक कमलेश रघुवंशी ने बताया कि आईटी मंत्रालय के अधीन सीएससी ई-गवर्नेंस द्वारा देशभर में निशुल्क साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम नाहिया में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यशाला में सीएससी अकैडमी के संचालक दुर्गेश पंडाग्रे ने कहा कि बैंकिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन खरीदारी जैसे अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं, ऐसे में व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में फिशिंग अटैक से बचाव, मजबूत पासवर्ड का चयन, दो चरणीय प्रमाणीकरण, सुरक्षित इंटरनेट



उपयोग और सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं का ऑनलाइन टेस्ट भी लिया गया तथा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।


# अटल बिहारी वाजपेयी ग्राउंड में आज सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले

**अनोखा तीर, सारनी।** नगर के अटल बिहारी वाजपेयी फुटबाल ग्राउंड में आज राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। चौथे दिन कुल तीन मैच खेले गए। पहला




मैत्री मैच भाजपा मंडल सारनी और भाजपा मंडल बगडोना के बीच हुआ, जिसमें भाजपा मंडल बगडोना ने 112 रन बनाए और भाजपा मंडल सारनी 101 रन पर ऑल आउट होकर 12 रनों से हार गई। मैन ऑफ द मैच कमलेश बने जिन्होंने 9 गेंद में 25 रन बनाए। दूसरे क्वार्टरफाइनल में एसआरटी तिगांव पांढुरना और विजय वॉरियर्स जैन इलेवन मध्यप्रदेश के बीच मुकाबला हुआ। एसआरटी तिगांव पांढुरना 86 रन पर ऑल आउट हुई और विजय वॉरियर्स ने 89 रन बनाकर 2 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में शिवा इलेवन भोपाल ने 142 रन बनाए और नर्मदापुरम इटारसी 117 रन पर ऑल आउट होकर 26 रनों से हार गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच डी बने जिन्होंने 20 गेंद में 50 रन की पारी खेली। मुख्य अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, वेकोली महाप्रबंधक संजय एम मिश्रा, ऐरिया सेफ्टी ऑफिसर झल्ला, बीएमएस कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष सोनी, संरक्षक रंजीत सिंह, जीपी सिह, पिन्टू अंसारी, भीम बहादूर थापा, प्रमोद सिह, धर्मेंद्र राय, संजीत चौधरी, सुजीत सिंह, राणा, चांद अंसारी, हेमंत साहू, सुनील सिह, निशांत भंडारे और देवेन्द्र सोनी उपस्थित रहे।

### गांधी चौक पर कांग्रेस करेगी ध्वजारोहण



**अनोखा तीर, बैतूल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा गांधी चौक, कोठी बाजार में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 8 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया जाएगा। झंडा वंदन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।




### कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अनोखा तीर, कन्नौद।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा समिति देवास के निर्देशानुसार किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर में जिला न्यायाधीश अमित निगम ने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानून की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित घटना की जानकारी तुरंत शिक्षकों या अभिभावकों को देना चाहिए तथा सोशल मीडिया के उपयोग में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से कानूनी जागरूकता, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के महत्व को समझाया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम की जानकारी अधिवक्ता शैलेन्द्र पांचाल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का सफल संयोजन दिलीप बेनीवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कन्नौद बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अंकुश सारड़ा सहित अमन सेठी, सोहन दुबे और शाहरूख खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य मोहन मंसोरे, शिक्षक भोजराज मालवीय, सुनिता वर्मा, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, नमिधी मेहरा, लक्ष्मी मांझी सहित न्यायालय एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

● साधक संत गुरुदेव दादा भाई का आज खातेगांव में मंगल आगमन ● मां नर्मदा व साधक संत दादा भाई के जन्म उत्सव पर विशेष

# संत और सरिता का आज होगा खातेगांव की पावन धरा पर संगम

**अनोखा तीर, खातेगांव।** अचला सप्तमी में संत और सरिता का होगा संगम खातेगांव का नेमावर में। अचला सप्तमी कामहापर्व धर्म की स्थापना के लिए जगत के कल्याण के लिए संत और सरिता का आगमन होता है। मां नर्मदा जन्मोत्सव पर खातेगांव सहित मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र नेमावर में विशेष आयोजन होंगे, देशभर से मां नर्मदा के भक्त नर्मदा जन्म उत्सव पर नाभि तीर्थ क्षेत्र नेमावर पहुंचते हैं।

दादाजी धूनी वाला दरबार श्यामलाल से भोपाल के संत गुरुदेव दादा भाई भी 25 जनवरी को नर्मदा जन्मोत्सव पर मां के तट पर पहुंचेंगे और मां का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेंगे सौभाग्य से उसे दिन गुरुदेव साधक संत दादा भाई का भी जन्मोत्सव है मां के आंचल में संत का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सृष्टि में संत सरिता जब भी बहे हैं यह सूर्य का प्रकाश जब भी सृष्टि में पहुंचा है वह निर्मलता में पहुंचा जहां छल कपट प्रपंच के बादल रहे हैं। या गंदगी का अवरोध रहा है वहां सरिता न शौर्य का प्रकाश रहा है। सरिता व रवि संसार में साक्षात धर्म के प्रकाश के लिए निर्मलता में प्रकट हुए हैं। ऐसा शुभ दिन की अचला सप्तमी संत सरिता का जन्म मनाने का सौभाग्य हम नगरवासियों को प्राप्त हो रहा है। माँ हम सबके कल्याण के लिए धरा में आई उसी प्रकार हमारे गुरुदेव





श्रद्धा डॉ रवि प्रकाश दिन रविवार अचला को धर्म का प्रकाश हमारे जीवन में अवतरित हो मां नर्मदा संत के अवतरण। दिवस मनाने के रूप में प्राप्त हो रहा है सभी शुभ गुण यह बतला रहे हैं की निश्चित हम लोग सबका कल्याण होगा क्योंकि आज ही रविवार गुरुदेव डा रवि प्रकाश दादा भाई अचला सप्तमी दिन रविवार जो पांडवों को श्राप मुक्त दिलाने वाली रविवार के दिन जिस दिन सतमी पड़ेगी उस दिन सरोवर में स्नान करने पर श्राप से आप मुक्त हो जाएंगे और यह नहीं पड़ी थी आज हम सभी नगरवासियों का यह सौभाग्य है। अचला सप्तमी दिन रविवार मां नर्मदा व संत जो सरिता के समान निर्मल भाव में बहते हैं ऐसे साधक संत डॉ. रवि प्रकाश दादाभाई का रविवार दिन अचला सप्तमी को सरिता और संत का जन्मोत्सव मनाने का सौभाग्य हमें प्राप्त होता है। जो निरंतर धर्म के लिए हम सभी प्राणियों के कल्याण के लिए माँ नर्मदा के प्रत्येक घाटों में भंडारा भारतवर्ष के समस्त जोते रिलीगो में गुरुदेव श्री दादाजी धूनी वाले के स्वरूप ज्योतिर्लिंगों में कलयुग में जगत की कल्याणकारी सत्यनारायण कथा का हम सव के कल्याण के लिए रामजन्म,कृष्ण जन्म हनुमान जी की जन्मस्थली जनक जी की जन्मस्थली में जाकर संपूर्ण शिष्यों भक्तों के साथ धर्म ध्वजा फहराई ऐसे धरमपुरहा परिवार में जन्में संत दादाभाई मां नर्मदा के जन्म उत्सव में पहुँच कर ऐसे दुर्लभ तिथि वार पुण्य सलीला पूर्णात्मा का अवतरण दिवस मनाकर हम अपने जीवन का कल्याण करें। इसी दिन से सूर्य भगवान सात घोड़ों में रथ में सवार होकर जगतकल्याण के लिए सृष्टि में अवतारित हुए थे। इसी से इस दिन को अचला सप्तमी कहते हैं। हम नगरवासियों से यह प्रार्थना करते हैं। ऐसे अवसर में सभी पहुंचकर अपने व अपने नगर वासियों का कल्याण करें। अजनास रोड स्थित प्रस्तावित स्थल दादाजी धूनी वाला दरबार दादाजी धाम खातेगांव पर गुरुदेव दादा भाई दोपहर 1 बजे पहुंचेंगे जहां मां नर्मदा और गुरुदेव का जन्मोत्सव मनाया जाएगा कन्याओं का पूजन होगा हलवे की महाप्रक्षादी का भोग लगकर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा। दूर-दूर से भक्ति श्रद्धालु नर्मदा पुराण कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं प्रतिदिन पाथेश्वर पूजन एवं नर्मदा पुराण कथा का श्रवण कथा वाचक शुभम कृष्ण शास्त्री उज्जैन के मुखारविंद से कराया जा रहा है।

# 4 हजार से अधिक भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी

## महाआरती के साथ तृतीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्णाहुति

**अनोखा तीर, देवास।** मां वैष्णवी माता एवं बाबा बटुक भैरवनाथ जी के तृतीय वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विविध धार्मिक आयोजन के साथ हर हर नर्मदा क्लब के तत्वाधान में शुक्रवार को संपन्न हुआ। क्लब के अजय धुरिया, जितेन्द्र बैरागी, एड. नीलेश वर्मा एवं एड. कपिल हरोड़े ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए



जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने हिस्सा लिया। बड़ा बाजार विष्णु गली स्थित शीतला माता मंदिर पर प्राचीन विष्णु मंदिर में मां वैष्णवी माता एवं बटुक भैरवनाथ जी का प्रातः 9 बजे अभिषेक, हवन एवं पूजन विधि-विधान पूर्वक विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न हुआ। शाम 6 बजे संगीतमय महाआरती मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, पार्षद संजय दायमा, राजेश यादव पह., पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, भाजपा नेता मनीष जैन कायथा, पूर्व पार्षद सत्यनारायण वर्मा, मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया सहित क्लब के सदस्यों द्वारा संपन्न कराई गई। तत्पश्चात अतिथियों ने प्रसादी का वितरण करते हुए भंडारा शुरू किया। शाम 7 बजे शुरू हुआ भंडारा रात्रि 12 बजे तक सतत रूप से चलता रहा। महोत्सव के अंतर्गत अखण्ड धर्म ध्वज की स्थापना क्लब के सदस्यों द्वारा की गई। देर रात्रि तक चले भंडारा प्रसादी में चार हजार से अधिक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# माँ नर्मदा को लगेगा छप्पन भोग

## साधक संत दादा भाई के सानिध्य में होगा कन्याओं का पूजन, विशाल भंडारा

**अनोखा तीर, खातेगांव।** मां नर्मदा का प्रत्येक तट पुण्य फल की प्राप्ति देता है मां नर्मदा की ऐसी असीम कृपा संतों पर भक्तों पर है जिससे मनुष्य का कल्याण होता है संसार में संत और सरिता का आगमन जगत कल्याण के लिए होता है जब-जब भी संतों का सरिता का आगमन होता है साधक संत दादा भाई के सानिध्य में दादाजी धूनी वाला दरबार दादाजी धाम अजनास रोड खातेगांव पर चल रही नर्मदा पुराण कथा में उपस्थित जनसमूह को कथा का रसपान कराते हुए पंडित




शुभम कृष्ण शास्त्री उज्जैन के मुखारविंद से बड़ी संख्या में नर्मदा भक्तों ने कथा श्रवण की। आज मनेगा मां नर्मदा का जन्मोत्सव साधक संत दादा भाई का जन्मोत्सव जहां पर गुरुदेव दादा भाई कन्याओं का पूजन करेंगे मां नर्मदा को छप्पन भोग लगेगा कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन दादाजी धाम खातेगांव पर होगा। खातेगांव में गुरुदेव दादा भाई का दोपहर 1 बजे मंगल आगमन होगा आदर्श विहार कॉलोनी में ओम हलवाई के निवास पर संत पूजन के साथ विशाल शोभायात्रा के साथ गुरुदेव दादा भाई नर्मदा पुराण कथा स्थल दादाजी धाम पहुंचेंगे। कथा परिसर में प्रतिदिन पाथेश्वर भगवान का निर्माण पूजन किया जा रहा है कथा के मुख्य यजमान एवं दादाजी परहेज सेवा संस्थान के सदस्य गण पूजन कर रहे हैं।

*स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।*




# शतरंज की बिसात पर कलेक्टर ने दिखाई प्रतिभा

**अनोखा तीर, हरदा।**

जिला प्रशासन और खेल प्रेमियों के लिए आज का दिन उत्साह भरा रहा, जब जिला चेस एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को हरदा डिग्री कॉलेज में आयोजित 'प्रथम हरदा ओपन इंटरनेशनल फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट' में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने न केवल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, बल्कि स्वयं भी बिसात पर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस टूर्नामेंट में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा श्रीलंका और फ्रांस जैसे देशों के विदेशी खिलाड़ियों और ग्रैंड मास्टर्स ने भी भाग लिया। यह एक फिडे रेटेड टूर्नामेंट है, जिसमें 9 राउंड के तहत रैपिड प्रारूप (155 समय नियंत्रण) में मुकाबले खेले गए। उद्घाटन सत्र में हरदा जिला के संरक्षक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, मध्यप्रदेश चेस एडहॉक कमेटी के कन्वीनर अक्षत खम्पारिया, फ्रांस से एंटोनी बोरनेल, श्रीलंका से सचिनी राणासिंघे, जिला चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक जैन, हरदा डिग्री कॉलेज के संचालक गिरीश सिंहल, चीफ आर्बिटर श्रीहरि, उत्तरप्रदेश से दिनेश कुमार शर्मा एवं हरिओम शर्मा, गुजरात से नैतिक मेहता व मध्यप्रदेश से



अश्विन डेनियल, प्रखर बजाज, एसके राठौर, राजस्थान से अरुण कटारिया सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने उद्घाटन सत्र के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और मैच में भाग लेकर अपनी खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने स्थानीय युवाओं को शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को अपनाने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उन्होंने ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। वर्तमान समय में जीवन में एकाग्रता अति आवश्यक है। खेल अनुशासन संयम और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में किसी भी खेल से जुड़ाव रखना चाहिए। टूर्नामेंट में 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर मद से प्रदान किए गए हैं।

## सार-समाचार

### वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाया गांजा तस्कर

**अनोखा तीर, हरदा।** पुलिस ने खंडवा रोड पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सवा किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। जब्त गांजे की कीमत करीब16 हजार बताई जा रही है। सिविल लाइन थाना टीआई आरएस तिवारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को पुलिस खंडवा रोड



पर संदिग्ध वाहनों की तलाश कर रही थी। पुरानी पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति हाथ में थैली लेकर हरदा की ओर आ रहा था। आरोपी ने अपना नाम आनंद पिता घनश्यामदास बिल्लोरे (52) निवासी जैन मंदिर के पास, खेड़ीपुरा बताया। उसके हाथ में रखी पन्नी से करीब1 किलो 255 ग्रा. गांजा जब्त किया गया। टीआई तिवारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह यह अवैध गांजा कहां से लाया था। पुलिस सप्लाई चैनल की जांच में जुटी है। शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत

**अनोखा तीर, हंडिया।** सड़क हादसे में ग्राम बिछौला में रहने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जयसिंह पिता रामप्रसाद मंडराई 45 वर्ष एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। गांव के पास सड़क पर साइड शोल्डर नहीं होने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों के तहत फाइनल रिहर्सल आज शनिवार कों सफलतापूर्वक संपन्न की गई हैं। इस दौरान एसडीएम अशोक डेहरिया व एसडीओपी हरदा सेवन्ती परते सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि के



आगमन, परेड निरीक्षण, संदेश वाचन, हर्ष फायर, परेड, पीटी प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंच संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभ्यास किया गया। रिहर्सल में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, पुलिस बल, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड, छात्र-छात्राएं एवं अन्य प्रतिभागियों ने अनुशासन एवं समन्वय के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान समय बद्धता एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# नर्मदा तट पर बसंत पंचमी का दिखा उत्साह

● शहनाज अख्तर ने दी भजनों की शानदार प्रस्तुति

**-केसर की सुगंधित वर्षा से नर्मदा तट महका उठा, जमकर की आतिशबाजी**





**अनोखा तीर, बड़वाह।**

नावघाट खेड़ी स्थित नर्मदा तट पर नर्मदा जयंती महोत्सव के तहत इन दिनों आस्था और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। मां मेकल सेवा संस्था के तत्वावधान में चल रहे आयोजनों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भजन संध्या, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा तट भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। नर्मदे हर के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंज रहा है। शुक्रवार शाम पंचमी के अवसर पर बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान केसर की सुगंधित वर्षा से तट महक उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने आसमान सतरंगी नजर आया। महाआरती के दौरान दीपों की रोशनी, शंखनाद और मंत्रोच्चार ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की खास आकर्षण रहीं सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर। उनकी प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। जैसे ही शहनाज अख्तर मंच पर आईं, श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हो गया। उन्होंने धीरे-धीरे ही चलो री नर्मदा मैय्या,ओ माई जग बड़ी है तू, चढ़ गया भगवा रंग, झोपड़ी के भाग्य खुल जाएगा राम आएंगे, तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती में जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। उनकी भावपूर्ण और ओजस्वी गायिकी ने श्रद्धालुओं को भक्ति में रमने पर मजबूर कर दिया। हर भजन के साथ पंडाल तालियों और नर्मदे हर के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालु झूमते और हाथ उठाकर भजनों में सहभागी बनते नजर आए। मां मेकल सेवा संस्था की ओर से केसरिया भात का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की समान सहभागिता रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**श्रद्धालुओं ने उठाया मेले का भी लुफ्त -** मां नर्मदा जयंती महोत्सव के तहत हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नर्मदा तट पर मेला लगाया गए हैं। जहा बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, वहीं युवाओं और परिवारों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद लिया। चाट, मिठाई और पारंपरिक खानपान की दुकानों पर देर रात तक भीड़ बनी रही। खिलौनों और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर भी चहल-पहल नजर आई। हालांकि आयोजित मेले ने महोत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया।

### सुंदरधाम आश्रम में भी भजन संध्या की धूम

इधर सुंदरधाम आश्रम में भी नर्मदा जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से प्रसिद्ध गायक कलाकार प्रस्तुति दे रहे है। उन्होंने नर्मदा जी, भोले बाबा और हनुमान जी के भजनों की श्रृंखला प्रस्तुत की। उनकी सुमधुर आवाज और भावपूर्ण गायिकी से श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आश्रम परिसर देर रात तक भक्ति रस में डूबा रहा।वहीं भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

# मवेशी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार




**अनोखा तीर, रहटगांव।** पुलिस ने जंगल क्षेत्र से ग्रामीणों के मवेशी चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि 25 दिसंबर को बलिराम पिता दादू सिलरे, निवासी ग्राम कायदा, थाना रहटगांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके छह मवेशी, जिनमें तीन भैंस, दो पड़िया और एक बोदा शामिल थे। अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिए गए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर कायदा निवासी संदिग्ध काशीराम से पूछताछ की गई जिसने आरोपियों और चोरी किए गए मवेशियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जानकारी के आधार पर एक टीम गठित कर आरोपियों की तलाश में भैरूंदा (नसरुल्लागंज) रवाना किया गया। टीम ने वहां से आरोपी अरमान पिता अब्दुल रजाक (32) और साजिद पिता रहीस खान (29), दोनों निवासी सोंटिया, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मवेशियों की चोरी कर सीहोर जिले में बेचते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज दुबे, एएसआई माधव भाट, हेडकांस्टेबल प्रदीप रघुवंशी, गजेंद्र यादव, आरक्षक महेंद्र रघुवंशी, ब्रजेश, आरक्षक रविंद्र और साइबर आरक्षक मनोज दोहरे की विशेष भूमिका रही।

**मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के दूसरे दिन हुए महिलाओं के कार्यक्रम**

# व्यंजन मेले में लोगों ने उठाया लुत्फ

**अनोखा तीर, हरदा।**

नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा मां नर्मदा प्राकट्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन शुनिवार सुबह मां नर्मदा का पूजन कर आरती की गई। दोपहर को महिलाओं के कार्यक्रम हल्दी-कुमकुम, हमारे रीति-रिवाज, हमारा भुआणा विषय पर प्रश्न मंच, लोकगीत, लोक नृत्य हुआ। इसके बाद समाज के लोगों द्वारा स्टॉल लगाए गए, इस दौरान लोगों ने व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान नार्मदीय ब्राह्मण समाज के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर, ट्रस्टी राजेंद्र गुहा, संजय काशिव, ऋषि पारे, महिला इकाई अध्यक्ष किरण काशिव, अचला गुहा, अक्षय नेगी सहित समाजजन उपस्थित थे।





● **शोभायात्रा आज, शाम को होगी महाआरती-** नगर में नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा मां नर्मदा का जल कलश लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने बताया कि शोभायात्रा नेहरू पार्क, परशुराम चौक, चांडक चौक होती हुई नार्मदीय ब्राह्मण धर्मशाला में समाप्त होगी। इसके बाद 56 भोग लगाया जाएगा एवं आरती होगी। दोपहर को बच्चों के कार्यक्रम कविता पाठ, पौराणिक कथाओं पर कहानी पाठ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस, शाम को उन्नत किसानों का सम्मान, मन की बात के अंतर्गत सामाजिक चर्चा होगी। वहीं गंगा की तर्ज पर महाआरती होगी। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# निमाड़ की लोकदेवी धज माता प्रतिवर्ष देती हैं 365 गांवों में दर्शन

**-निमाड़ के दो परिवार 500 सालों से निभा रहे हैं माता के भ्रमण की यह परंपरा**



**अनोखा तीर, खंडवा।**

आमतौर पर भक्त मंदिर जाकर देवी-देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं, लेकिन निमाड़ की लोकदेवी धज माता एक ऐसी देवी हैं, जो प्रतिवर्ष स्वयं अपनी ठान से निकलकर भक्तों को दर्शन देने जाती हैं। माघ माह में खड़कपुरा खंडवा स्थित अपनी ठान से निकलकर धज माता 365 गांवों का भ्रमण करती हैं, जहां ग्राम प्रमुखों और सभी समाज के परिवारों द्वारा विधिवत पूजन किया जाता है। धज माता के अनन्य उपासक कमल कनाडे ने बताया कि यह परंपरा करीब 500 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। पूर्व में राजाओं के संरक्षण में इस पूजा के बदले जमींदारों और मालगुजारों को लगान में छूट भी दी जाती थी। माता के आगमन पर ढाक और सिंगाड़ वादन के साथ भगत विशेष नृत्य और गायन के माध्यम से कथाएं सुनाते हैं, जिनमें नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाती है। माता का विशेष श्रृंगार माघ माह में शुभ मुहूर्त में किया जाता है। खड़कपुरा स्थित ठान पर सौ मीटर वस्त्र से श्रृंगार, गंगाजल से स्नान और पूजन के पश्चात माता की यात्रा प्रारंभ होती है, जो शिवरात्रि पर पचमढ़ी या गुप्तेश्वर महादेव पहुंचकर पूर्ण होती है। यात्रा लगभग एक माह तक चलती है। परंपरा के अनुसार एक वर्ष नागचून और एक वर्ष पांझरिया के ठवड़्या माता का भ्रमण कराते हैं। समय के साथ गांवों की संख्या घट जरूर हुई है, लेकिन आज भी परिवारों द्वारा इस परंपरा का पूरी श्रद्धा से निर्वाह किया जा रहा है। धज माता की यह अनूठी परंपरा निमाड़ की लोक आस्था और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत पहचान मानी जाती है।

### संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 26 से

**अनोखा तीर, हरदा।** नगर के गोलापुरा स्थित श्री राम मन्दिर में श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज महिला संगठन द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। महिला संगठन की अध्यक्ष उर्मिला उमेश तिवारी ने कथा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम कथा सप्त दिवसीय होगी जो 26 जनवरी से प्रारम्भ होकर 1 फ़रवरी को समापन होगा। कथा व्यास आचार्य पं. प्रफुल्ल दुबे दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रामरस गंगा से उपस्थित जन समुदाय को आत्म विभोर करेंगे।

# ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़े अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर शहरी स्वास्थ्य केंद्र 34 विकासनगर में आयोजित किया गया। विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने बताया कि 18 से 26 जनवरी तक पखवाड़े का जिला, विकास, सेक्टर एवं ग्राम स्तर पर आयोजन किये जा रहे है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा, डॉ. चिकित्सा अधिकारी पूजा अहिरवार, मांगीलाल मालवीय, परामर्शदाता सुरेन्द्र सिंह चौहान, भगवती वर्मा, दीपांशु सोनी उपस्थित रहे। आयोजन के समापन पर परामर्शदाता सुरेन्द्र सिंह चौहान ने नशामुक्ति पर शपथ दिलाई गई।